दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
बिलासपुर, मंगलवार 1 दिसंबर 2020, कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-227 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि वे सियासत की लैला है और अन्य राजनीतिक दल मजनू हैं जो उनके पीछे पड़े रहते हैं। जरूर वे ये गाना गुनगुनाते होंगे- लैला मैं लैला, ऐसी हूं लैला हर कोई चाहे मुझसे मिलना अकेला, जिसको भी देखूं दुनिया भुला दूं, मजनू बना दूं ऐसी मै लैला....। इसे कहते है अपने मुंह मियां मिटठू बनना। इस काम में तो ओवैसी माहिर है। उन्हे पता है कि खबरों में कैसे बने रहना है? बिहार में तो इस लैला ने अपना जलवा दिखा दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि यह बंगाल में कैसा जादू दिखाती है?

आस्था की डुबकी, मंगल की कामना... और मुस्कान बिखरने वाला ऐलान

देव दिवाली पर आस्था व धर्म-कर्म के रंग में रंगे सीएम बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। देव दिवाली व कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को आस्था व धर्म-कर्म के रंग में नजर आए। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले महादेव घाट पर खारून नदी में आस्था की डुबकी लगाई, फिर महादेव से प्रदेश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी युवाओं के चेहरों पर मुस्कान बिखरने वाला ऐलान किया।

स्वरोजगार से जुड़ेंगे युवा, सभी विभागों में लागू होगा 'ई' श्रेणी पंजीयन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात दी है। राज्य के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग में लागू की गई 'ई' श्रेणी पंजीयन प्रणाली को अब राज्य शासन के सभी निर्माण विभागों, निकायों, मण्डलों और बोर्ड आदि में भी लागू करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य में एकीकृत 'ई' श्रेणी पंजीयन प्रणाली लागू की गई है। 'ई' श्रेणी पंजीयन के माध्यम से स्थानीय बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु 20 लाख रुपए तक की लागत के एकल कार्य ब्लाक स्तर पर सीमित निविदा के माध्यम से प्रदाय किए जाने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि लोक निर्माण विभाग के उक्त दो निर्णयों का सभी निर्माण विभागों, निकायों, मण्डलों, बोर्ड इत्यादि में भी पालन अनिवार्यतः करने के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

लोक निर्माण विभाग के लिए ये है व्यवस्था

स्नातक इंजीनियर को 1 करोड़ से अधिक के काम

लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्यों के अनुबंध में 20 लाख रुपए से अधिक लागत के कार्यों में डिप्लोमा इंजीनियर तथा एक करोड़ से अधिक के कार्यों में स्नातक इंजीनियर नियुक्ति किए जाने का प्रावधान अनिवार्य किया गया है।

प्रतिमाह 15 से 25 हजार रुपए का भुगतान भी

डिप्लोमा इंजीनियर को 15 हजार रुपए तथा स्नातक इंजीनियर को 25 हजार न्यूनतम प्रति माह भुगतान का भी प्रावधान किया गया है। निविदा अनुबंध में इंजीनियरों की नियुक्ति की अनिवार्यता किए जाने से बड़ी संख्या में बेरोजगार इंजीनियरों को रोजगार प्राप्त होगा।

गंगा आरती में भी शामिल हुए सीएम भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री ने खारून नदी में कार्तिक स्नान करने के उपरांत नदीतट पर स्थित ऐतिहासिक हटकेश्वर महादेव मंदिर में महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश के विकास के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री परंपरागत गंगा आरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए व दीपदान किया। उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, महापौर एजाज ढेबर, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

खास- खबर

उत्पल कुमार सिंह बने लोक सभा के नए महासचिव

नई दिल्ली/ (वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय प्रशसनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी उत्पल कुमार सिंह को लोकसभा का नया महासचिव नियुक्त किया है। उत्तराखंड कैडर के 1986 बैच के पूर्व आईएस अधिकारी श्री सिंह को 1 दिसंबर 2020 से कैबिनेट सचिव के रैंक और दर्जे में इस पद पर नियुक्त किया गया है।वह लोकसभा सचिवालय भी महासचिव होंगे। उन्हें एक वर्ष के अनुबंध पर नियुक्त किया गया है।

जेईएम आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर/(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाडा में पुलिस ने सोमवार को जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकवादी के सहयोगी को ग्रेनेड और नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसका मकसद इस नकदी से हथियार खरीदना था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना प्राप्त होने के बाद कुपवाडा में द्रागमुल्ला में एक जांच चौकी स्थापित की गयी। पुलिस ने जांच के लिए एक व्यक्ति को चौकी को रोका और जांच के दौरान उसके पास से एक ग्रेनेड और साढ़े तीन लाख रुपए की नकदी मिली।

अभिनेत्री से दुष्कर्म के आरोप में निर्देशक पर एफआईआर दर्ज

मुंबई/ (वार्ता)। टीवी अभिनेत्री से दुष्कर्म के आरोप में मुंबई के वर्सोवा थाने में सीरियल से जुड़े एक निर्देशक के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार 26 वर्षीय अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ मुंबई के अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म किया। आरोपी निर्देशक यश तिवारी और अभिनेत्री एक-दूसरे को दो वर्षों से जानते हैं।

राज्य की नौकरशाही के 'बिग बी' बने अमिताभ

नया सीएस बनते ही हुई बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

- 13 अधिकारियों के प्रभार में हुआ फेरबदल
- इनमें अधिकतर सचिव स्तर के अफसर
- एक आईआरएस तथा एक आईएफएस भी शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। 1989 बैच के आईएएस अफसर अमिताभ जैन को प्रदेश का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। छत्तीसगढ़ शासन महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत आरपी मंडल की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर 30 नवंबर को वे सेवानिवृत्त हो गए।

आदेश के अनुसार अमिताभ जैन को अपर मुख्य सचिव पद से पदोन्नत कर मुख्य सचिव बनाया गया है। जैन एक दिसंबर को मंडल से मुख्य सचिव का पदभार एवं कार्यभार ग्रहण करेंगे। जैन के पास वर्तमान समय में वित्त विभाग, जल संसाधन विभाग आदि का प्रभार है। जो यथावत मुख्य सचिव बनने पर आगामी आदेश पर्यन्त उनके पास रहेगा। इसके साथ ही राज्य शासन की ओर से सोमवार को प्रदेश के 13 अधिकारियों के विभागों में फेरबदल किया गया है। इनमें अधिकतर सचिव स्तर के अधिकारी हैं। सूची में 11 आईएस, एक आईआरएस तथा एक आईएफएस अधिकारी शामिल है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध के आदेश भी जारी हुए हैं।

डॉ मनिंदर कौर द्विवेदी (आईएएस), प्रमुख सचिव, ग्रामोद्योग विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी एवं पंजीयन को छोड़कर) विभाग को प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी एवं पंजीयन को छोड़कर) विभाग से मुक्त किया गया है। उन्हें प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

गौरव द्विवेदी (आईएएस), प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार विकास आयुक्त, महानिदेशक, ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, रायपुर तथा प्रमुख सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी एवं पंजीयन को छोड़कर) के पद पर पदस्थ करते हुए प्रमुख सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

शहला निगार (आईएएस) को सचिव, वित्त विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार अध्यक्ष, पेंशन निराकरण समिति को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। उन्हें सचिव, समाज कल्याण विभाग एवं आयुक्त निःशक्तजन का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

प्रसन्ना आर (आईएएस), सचिव, सहकारिता विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार, सचिव, समाज कल्याण विभाग एवं सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, आयुक्त निःशक्तजन, ■ शेष पृष्ठ 7 पर

अंकित को अब ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव तथा कंपनी के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार

अंकित आनंद (आईएएस), विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार), आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा प्रबंध संचालक, छग राज्य सहकारी विपणन संघ मार्यादित (माकैफेड), रायपुर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार), ऊर्जा विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, मार्कफेड रायपुर तथा अध्यक्ष छग राज्य विद्युत कंपनी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

ऊर्जा विभाग और विद्युत कंपनी की अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त हुए साहू

आदेश के मुताबिक सुब्रत साहू (आईएएस), अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री तथा अतिरिक्त प्रभार अपर मुख्य सचिव, गृह एवं जेल विभाग, अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष छग राज्य विद्युत कंपनी को केवल अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष, छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें अपर मुख्य सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग एवं अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंप गया है।

किसानों को धान से धन का महाअभियान आज से शुरू

- समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ
- 21 लाख 29 हजार 764 किसानों ने कराया पंजीयन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में धान उत्पादक किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महा अभियान मंगलवार एक दिसम्बर से शुरू होगा। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसानों की ■ शेष पृष्ठ 7 पर

अवैध धान परिवहन पर हो तत्काल कार्रवाई : सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी के दौरान सीमावर्ती राज्यों से लाए जाने वाले धान पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इसकी जिम्मेदारी सभी जिलों के जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और संबंधित विभाग को सौंपी गई है। सीमावर्ती जिलों की सीमा से लगे 3-3 खरीदी केन्द्रों में विशेष निगरानी रखने, चेक पोस्ट लगाकर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री बघेल ने यह निर्देश भी दिए हैं कि राज्य के भीतर एक से दूसरे जिलों से धान लाने ले जाने वाले किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए।

दो साल में 12 लाख से ज्यादा बढ़े किसान

दो सालों में धान बेचने वाले किसानों का रकबा 19.36 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 22.68 लाख हेक्टेयर और किसानों की संख्या 12 लाख 6 हजार बढ़कर 18 लाख 38 हजार हो गई है। इस प्रकार देखा जाए तो रकबे में 3 लाख 32 हजार हेक्टेयर तथा समर्थन मूल्य पर धान बेचेने वाले किसानों की संख्या में 6.32 लाख बढ़ोत्तरी हुई है।

देश की शक्ति है किसान : राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किसान को देश की शक्ति बताते हुए कृषि विरोधी तीनों कानून को रद्द करने की मांग की और कहा कि सरकार को दिल्ली में डेरा डाले किसानों की मांग पर विचार करते हुए इन कानूनों को रद्द करना चाहिए। श्री गांधी ने सोमवार को यहां जारी एक वीडियो सन्देश कहा कि देश का किसान काले कृषि क़ानूनों के ख़िलाफ़ठंड में, अपना घर-खेत छोड़कर दिल्ली तक आ पहुँचा है तथा देशवासियों को सत्य और असत्य के बीच की इस जंग में किसान के साथ खड़ा होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति देश की शक्ति की रक्षा होती है, देश की शक्ति किसान हैं।

कृषि कानूनों पर बोले पीएम मोदी, गंगा जल जैसी पवित्र नीयत से हो रहा है काम

वाराणसी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नये कृषि कानून को लेकर किसानों के बीच उत्पन्न आशंकाओं के लिए कांग्रेस की ओर इशारा करते उसे जिम्मेवार ठहराया तथा अपने छह वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को ऐतिहासिक करार देते हुए सोमवार को यहां कहा कि गंगा जल जैसी पवित्र नीयत से काम किया जा रहा है, जिसके बेहतर परिणाम आने शुरू हो गये हैं और किसी को भी भ्रम में पड़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मिर्जामुराद के खजुरी में 2,447 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राज मार्ग परियोजना के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के साथ दशकों से धोखा एवं छलावा किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 के हंडिया (प्रयागराज) - राजातालाब (वाराणसी) खंड की छह लेन वाली चौड़ीकरण परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया।

इंतजार खत्म — भारत में लोगों को कोरोना के टीके लगाए जाने के संबंध में स्वास्थ्यमंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दी अच्छी खबर

अगले छह माह में 30 करोड़ लोगों को लगाई जा सकती है वैक्सीन

नई दिल्ली(ए.)। देश में कोरोना वायरस की मौजूदा स्थिति के बीच करोड़ों लोगों को वैक्सीन का इंतजार है। देश की सवा अरब जनता जल्द से जल्द कोरोना की वैक्सीन चाहती है। इन सबके बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने वैक्सीन को लेकर एक बार फिर से गुड न्यूज दी है। उन्होंने बताया है कि सरकार की योजना अगले छह महीने के अंदर 30 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगा देने की है। मालूम हो कि भारत समेत दुनियाभर में कई कंपनियां कोरोना वैक्सीन बना रही हैं और कई ने अपने ट्रायल भी पूरे कर लिए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन से सोमवार को जब वैक्सीन को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आने वाले 3-4 महीनों के अंदर इस बात की पूरी संभावना है कि हमारे पास वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी और लोगों को लगाना भी शुरू कर देंगे। उन्होंने आगे कहा, ''जुलाई-अगस्त तक, हमारी योजना 25-30 करोड़ लोगों तक वैक्सीन पहुंचाने की है और इसी अनुसार हम लोग काम भी कर रहे हैं।''

वहीं, हर्षवर्धन ने लोगों से मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने की अपील की। हालांकि, उन्होंने यह बात कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन को लेकर कही। हर्षवर्धन ने कहा, ''मैं सभी से निवदेन करता हूं कि वे कोरोना वायरस को लेकर जारी नियमों जैसे- मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

वैक्सीन मुहैया कराने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी

देशभर में जल्द से जल्द कोरोना वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए मोदी सरकार युद्ध स्तर पर तैयारियां कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश में वैक्सीन तैयार करने में जुटे तीन प्रमुख संस्थानों का दौरा कर वहां पर इनकी प्रगति की जानकारी ली थी।

एसआईआई प्रमुख पूनावाला भी दे चुके हैं पॉजिटिव संकेत

यह पहला मौका नहीं है कि जब कोरोना वायरस की वैक्सीन पर सरकार या फिर वैक्सीन कंपनियों की ओर से कोई पॉजिटिव संकेत आया हो। इससे पहले भी कई बार संकेत मिल चुके हैं कि वैक्सीन जल्द ही देश में उपलब्ध होने वाली है।

वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों के साथ चर्चा करें संबंधित विभाग: मोदी

नई दिल्ली/ (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी संबंधित विभागों को कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों के साथ बातचीत कर जरूरी मुद्दों का समाधान करने को कहा है जिससे कि वैक्सीन जल्द देश और दुनिया की जरूरतों को पूरा कर सके। कोरोना वैक्सीन बनाने वाली तीन कंपनियों का शनिवार को दौरा करने के बाद मोदी ने सोमवार को तीन अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बात की और वैक्सीन को तैयार किये जाने से संबंधित तमाम मुद्दों पर चर्चा की।

नन्हे बच्चे ने बचा ली 6 नाबालिग बेटियों की जिंदगी

रांची/नवप्रदेश। देश भर में युवतियों और बच्चों की तस्करी के लिए झारखंड हब बनकर उभरा है। आरपीएफ रांची डिवीजन के 'नन्हे फरिश्ते' टीम ने रविवार देर शाम को एक फिर रांची रेलवे स्टेशन पर 6 नाबालिग लड़कियों को मानव तस्करों के चंगुल में फंसने से बचाने का काम किया है। मानव तस्करों के चंगुल से बचाये गये सभी नाबालिग लड़कियों को रांची के चाइल्डलाइन सेंटर को सौंप दिया गया। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण काल में जब देशभर के विभिन्न हिस्सों से प्रवासी श्रमिकों की घर वापसी का सिलसिला प्रारंभ हुआ, तो झारखंड सरकार को यह जानकारी मिली कि राज्य से सात लाख से अधिक लोगों का पलायन हुआ है, लेकिन श्रमिकों के पलायन से अलग मानव तस्करी के लिए राज्य से बाहर ले गये उन छोटे-छोटे बच्चों और युवतियों की खोज-खबर अब तक अधूरी है।

नव प्रदेश

रायगढ़/बिलासपुर/बीजापुर

बिलासपुर, मंगलवार, 1 दिसम्बर 2020

न्यूज गैलरी

नेहरू चौक का होगा सौंदर्यीकरण महापौर, कमिश्नर ने किया निरीक्षण

बिलासपुर (नव प्रदेश)। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे नेहरू चौक से मंगला चौक तक चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य में अब नेहरू चौक को भी शामिल कर लिया गया है। इसके निर्देश महापौर रामशरण यादव ने कमिश्नर प्रभाकर पाण्डेय के साथ सौंदर्यीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। अब इस प्रोजेक्ट के तहत शहर की पहचान नेहरू चौक को संवारा जाएगा। आज सुबह महापौर रामशरण यादव और कमिश्नर प्रभाकर पाण्डेय ने स्मार्ट सिटी टीम के साथ नेहरू चौक से मंगला चौक तक किए जाने वाले सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण का सड़क पर पैदल चलकर जायजा लिया। इस दौरान महापौर ने अधिकारियों से कार्ययोजना की पूरी जानकारी ली.इस दौरान अधिकारियों ने बताया की नेहरू चौक से 27 खोली चौक तक चौड़ीकरण कर डिवाइडर बनाया जाएगा,उसके बाद मंगला चौक तक पहले से ही डिवाइडर बना हुआ है। नेहरू चौक से मंगला चौक तक सड़क के दोनों किनारें आकर्षक लैंड स्केपिंग किया जाएगा,साथ ही सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। सड़क के दोनों ओर फूटपाथ भी बनाया जाएगा,जिसकी मार्किंग की जा चुकी है तथा नेहरू चौक से एसपी ऑफिस तक डिस्पेंटल का कार्य प्रारंभ किया जुका है। इस पूरे कार्य के लिए वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है.इस दौरान महापौर ने समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

दुर्ग-उधमपुर-दुर्ग साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में परिवर्तन

बिलासपुर (नवप्रदेश)। रेलवे प्रशासन द्वारा दिनांक गाड़ी संख्या 08215/ 08216 दुर्ग-उधमपुर-दुर्ग साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार एवं समय-सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है । इस गाड़ी में यात्रा करने वाले यात्रियों की यात्रा को कम से कम समय में उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए इस गाडी की गति को बढाई जा रही है । गाडी संख्या 08215/ 08216 दुर्गङ्कउधमपुर-दुर्ग साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार एवं समय-सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया जा है । यह गाड़ी संख्या 08215 दुर्गङ्कउधमपुर साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन दुर्ग से प्रत्येक बुधवार को 02 से 30 दिसंबर, 2020 तक चलेगी । इसी प्रकार उदमपुर से गाड़ी संख्या 08216 उधमपुर-दुर्ग साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन उधमपुर से प्रत्येक गुरुवार को 03 से 31 दिसम्बर, 2020 तक चलेगी । इसी यह गाड़ी में 04 एसी थ्री, 02 एसी टू , 01 एसी टू कम एसी थ्री, 07 स्लीपर, 02 पावरकार तथा 03 सामान्य सहित कुल 19 कोचों के साथ चलेगी । इस गाड़ी में केवल कनफर्म टिकट रेल यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी एवं कोविड़ के सभी नियमो का कड़ाई से पालन करना होगा । इस गाड़ी की परिवर्तित विस्तृत समय-सारिणी इस प्रकार है।

पोरबंदर-हावड़ा-पोरबंदर पूजा स्पेशल ट्रेन की समय-सारिणी में आंशिक परिवर्तन

बिलासपुर (नव प्रदेश)। रेल यात्रियों की सुविधा एवं मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली 09205 / 09206 पोरबंदर ङ्क हावड़ा ङ्क पोरबंदर द्वि -साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन 28 नवम्बर, 2020 तक चल रही थी इस गाड़ी का परिचालन 02 जनवरी , 2012 तक किया गया है। गाड़ी संख्या 09205 पोरबंदर ङ्क हावड़ा द्वि - साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन पोरबंदर से प्रत्येक बुधवार व गुरुवार को 02, 03, 09, 10, 16, 17, 23, 24, 30 एवं 31 दिसम्बर , 2020 तक चलेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09206 हावड़ा ङ्क पोरबंदर द्वि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन हावड़ा से प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार को 04, 05, 11, 12, 18, 19, 25, 26 दिसम्बर 2020 एवं 01, 02 जनवरी , 2021 तक चलेगी। यह गाड़ी में 05 एसी थ्री, 01 एसी टू , 10 स्लीपर, 02 एसएलआर 04 सामान्य तथा 01 पेंट्रीकार सहित कुल 23 कोचों के साथ चलेगी । इस गाड़ी में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी।

कलेक्टर ने कंटेनमेंट जोन का कड़ाई से पालन करने के दिये निर्देश

रायगढ़ (नव प्रदेश)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा रायगढ़ जिला क्षेत्र अंतर्गत कोरोना वायरस संक्रमित पाये जाने के कारण कंटेनमेंट जोन घोषित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री भीम सिंह ने शासन के निर्देशों के तहत जिला रायगढ़ क्षेत्र अंतर्गत कंटेनमेंट जोन में बेरीकेटिंग हेतु कार्यपालन अभियंता (भ/स)लोक निर्माण विभाग को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा महाकाली उत्सव

मुंगेली (नव प्रदेश)। पिछड़ा वर्ग बहुल ग्राम खपरी कला वि.खं. लोरमी में सामाजिक समरसता के साथ होचलास से मनाया जा रहे मा महाकाली उत्सव में मुख्य अतिथि के आसंदी से माननीय थानेश्वर साहू जी अध्यक्ष छत्तीसगण् राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपने उद्बोधन में मा महाकाली से प्रार्थना किये छग के समस्त मानव समाज को सुख समृद्धि एवं मंगलकामनाए प्राप्त हो ए पिछडा वर्ग के अंतर्गत आने वाले सभी सामाजिक मकुओ को समरसता के साथ रहने एवं विकास की ओर अग्रसर रहने की अपेक्षा की साथ ही पिछड़ा वर्ग की सेवा संरक्षण सुरक्षा न्याय के लिए पिण्डा वर्ग के लोगो के लिए जो भी कार्य मेरे से अपेक्षित होगा मै करुगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगण् शासन गाव गरीब की सरकार है गांव के विकास से ही छत्तीसगण् का विकास होगा मुझे आप लोगो की सेवा के लिए जो उत्तर दायित्व दिया गया है कार्यक्रम में उपस्थित सागर सिंह बैंस रामशरण खाण्डे ब्लाक अध्यक्ष लोरमी लखन कश्यप ब्लाक अल जिजोरी फलित राम साहू जनपद सदस्य पंडरिया श्रीमति प्रमिला परसादी यादव सरपंच ग्राम पंचायत सपरी कला श्रीमति राजबाई उपसरपच खपरी कला धनीराम साहू पच मुक्तामनी साहू भतालाल कुभकार चैतराम सोनकर अशोक केशरवानी छेदी कुभकार दुर्गा कुभकार पचूसाहू राजेश सोनकर मनोज केशरवानी सूरज साहू छेदीलाल यादव देवराज कुभकार कार्तिक निषाद नारायण साह सिद्धराम साह जीवन कुभकार अर्जुन निषाद रामप्रसाद कुमकार गोकुल यादर बबलू सोनी कुमार निर्मलकर । कार्यक्रम संचालन परसादी राम यादय के द्वारा किया गया।

जैन समाज ने हषोल्लास मनाया कार्तिक पूर्णिमा का पर्व

मुंगेली। जिले में जैन समाज के द्वारा सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा का पर्व अपूर्व हर्शोल्लास के साथ मनाया गया।चातुर्मास की पूर्णता के पष्चात् पूर्णिमा की प्रातः धर्मावलंबियो द्वारा षास्वततीर्थ सिद्धाचल की यात्रा की जाती है।गुजरात के सौराश्ट्र में स्थित सिद्धाचलतीथ जहां प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ने 99 बार यात्रा की थी, इसी पावन भूमि में कार्तिक पूर्णिमा को द्रविड़ वारिखिल्ल सहित 5 करोड़ मुनियो ने एक साथ मोक्ष प्राप्त किया था।

विश्व एड्स डे: बीते 10 वर्षों में जिले में मिले 369 नए मरीज

कोरोना काल में भी जारी है एड्स को लेकर लोगों की काउंसिलिंग

रायगढ़ (नव प्रदेश)। दुनियाभर में हर साल एचआईवी संक्रमण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 1 दिसंबर को वर्ल्ड एड्स डे मनाया जाता है। हर साल विश्व एड्स दिवस की थीम अलग-अलग रखी जाती है। 2020 में विश्व एड्स दिवस की थीम ÷एचआईवी/एड्स महामारी समाप्त करनाः लचीलापन और प्रभाव÷ रखी गई है। विश्व एड्स दिवस पहली बार 1988 में मनाया गया था। हर साल, दुनिया भर के संगठन और लोग एचआईवी महामारी की ओर ध्यान दिलाते हैं, एचआईवी जागरूकता और ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रयास करते हैं, एचआईवी के बारे में बात करते हैं, और बढ़ती प्रतिक्रिया को रोकने के लिए कदम उठाते हैं।

कोरोना संक्रमण के मद्देनजर इस बार जिले में व्यापक स्तर पर एड्स के प्रति के लिए जागरूकता कार्यक्रम नहीं चलाए जा रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रम जरूर आयोजित कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में जन-जागरूकता संबंधित पर्चे बांटे जाएंगे क्योंकि शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं मिली। इस कोरोना समय में भी 9,000 से अधिक लोगों की काउंसलिंग की जा चुकी है और इनमें से सभी का टेस्ट कराया गया है। एड्स के प्रति जागरूकता ही एकमात्र बचाव है क्योंकि एड्स की बीमारी का काफी देर बाद पता चलता है और मरीज भी एचआईवी टेस्ट के प्रति सजग नहीं रहते, इसलिए अन्य बीमारी का भ्रम बना रहता है। इस गंभीर समस्या से बचाव का सबसे पहला चरण एड्स के लक्षण पहचानना है। एड्स का पूरा नाम है 'एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम' होता है। सबसे पहले विश्व एड्स दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ में एड्स की जागरुकता अभियान से जुड़े जेम्स डब्ल्यू बुन और थॉमस नेटर नाम के दो व्यक्तियों ने अगस्त 1987 में की थी। शुरुआती दौर में विश्व एड्स दिवस को सिर्फ बच्चों और युवाओं से ही जोड़कर देखा जाता था। इंटीग्रेटेड काउंसिलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर (आइसीटीसी) रायगढ़ की काउंसलर कांति तिवारी ने बताया कि एचआइवी की संभावना वाले व?यक्ति को तीन तरह का टेस?ट कराना पड़ता है। इससे ही उसके पॉजिटिव या निगेटिव होने की पुष्टि होती है। अगर वह व्यक्ति संक्रमित पाया जाता है तो उसका नियमित तरीके से इलाज शुरु किया जाता है। संक्रमित व्यक्ति के बारे में किसी को नहीं बताया जाता है।

पुलिस की नौकरी लगाने का झांसा देने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मस्तूरी क्षेत्र के पचपेड़ी थाना मामला दर्ज कराया गया है प्रार्थी गोलू कैवर्त पिता दिल हरण कैवर्त ग्राम मल्हार चौकी थाना मस्तूरी का थाना पचपेड़ी मैं दिनांक 2 अगस्त को आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया की कमल सोनवानी पुलिस आरक्षक की नौकरी में लगवा ने बात कही थी। कमल सोनवानी बताया कि उक्त व्यक्ति के झांसे में आकर तीन लाख रुपये दिये , कमल सोनवानी के द्वारा पचास रूपये की स्टांप पेपर में घरेलू खर्च हेतु पैसा लेना बता कर इकरारनामा लिखकर नोटरी कराया कमल बोला गया कि नौकरी लगवाने के नाम से डायरेक्ट पैसा नहीं ले सकता इसीलिए घरेलू काम हेतु पैसा लेना लिखा कर नोटरी करा दिया समय बीतता गया नौकरी नहीं लगाया प्रार्थी द्वारा पैसा मांगने पर चेक दिया गया चेक को बैंक में जमा करने पर पता चला कि कमल सोनवानी के खाते में एक भी पैसा नहीं है इस प्रकार प्रार्थी को कई दिनों तक पैसा मांगने पर इधर-उधर घुमाता रहा और वह प्रार्थी को नौकरी नहीं लगवाया इसी प्रकार नौकरी लगवाने के नाम से ईश्वर प्रसाद महिलांगे ग्राम पचपेड़ी गोपी डेहरिया ग्राम नेवारी हरि शंकर डेहरिया नेवारी महेंद्र कुमार लास्कर से कुल 8 लोगों से 16 लाख रुपए ठगी किया है मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देश में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजय ध्रुव नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाटा सुनील डेविड के मार्ग दर्शन में थाना पचपेड़ी व चौकी मल्हार द्वारा विशेष टीम गठित कर दिनांक 28 नवम्बर को आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से एक नग मोबाइल व 5 विभिन्न कंपनियों के सिम जब्त किया गया जिसे 29 को रिमांड में भेजा गया।

धान उपार्जन चेकपोस्ट में ड्यूटी से अनुपस्थित 5 सहायक शिक्षक निलंबित

नव प्रदेश संवाददाता

रायगढ़। कलेक्टर श्री भीम सिंह के निर्देशन में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में तहसील पुसौर अंतर्गत धान उपार्जन चेकपोस्ट रेंगालपाली एवं एकताल में सहायक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन 28 एवं 29 नवम्बर के मध्य रात्रि बिना किसी पूर्व सूचना के 5 सहायक शिक्षक ड्यूटी से अनुपस्थित पाये गये जिस पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। ज्ञात हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान उपार्जन अवधि के दौरान सीमावर्ती राज्यों से धान आयात कर जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर योजना के अंतर्गत अवैध धान के विक्रय की आशंका बनी रहती है इसलिये 10 सीमावर्ती धान खरीदी केन्द्रों में अन्य राज्यों के अवैध धान की आवक/विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु जिले में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके तहत तहसील पुसौर अंतर्गत स्थापित चेकपोस्ट रेंगालपाली एवं एकताल में सहायक शिक्षक श्री निराकार पटेल शास.प्रा.शाला एकताल, श्री हेमंत निर्मलकर सहायक शिक्षक शास.प्राथ.शाला मौहदाभांठा, श्री स्वर्ण कुमार खुंटे सहायक शिक्षक शास.प्राथ.शाला मिड़मिड़ा, श्री राजेश किसान सहायक शिक्षक शास.उ.मा.वि.रेंगालपाली तथा श्री अरूण कुमार टोप्पो सहायक शिक्षक शास.प्राथ.शाला रेंगालपाली की ड्यूटी लगाई गई थी। 28 एवं 29 नवम्बर 2020 के मध्य रात्रि में बिना किसी पूर्व सूचना के उक्त पांचो सहायक शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री आदित्य ने सहायक शिक्षक के उनके इस कृत्य के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

जनसुनवाई में कोविड गाईड लाईन्स का पालन

रायगढ़ (नव प्रदेश)। छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल नई परियोजनाओं/विस्तार परियोजनाओं के स्थापना हेतु आयोजित कराई जा रही लोकसुनवाई केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेश अनुसार आयोजित की जा रही है जिसमें कंटेनमेंट जोन के बाहर खुले स्थान पर 100 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने की अनुमति सोशल डिस्टेसिंग, मास्क पहनने, थर्मल स्कैनिंग एवं सेनेटाईजर/हैण्डवाश के उपयोग सहित दी गई है जो कि 30 नवम्बर 2020 तक प्रभावशील थी। किन्तु केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उक्त आदेश में 31 दिसम्बर 2020 की आगामी तिथि तक बढ़ा दिया गया है। रायगढ़ जिले में आयोजित की जाने वाली समस्त जनसुनवाई में उक्त आदेश के तहत सोशल डिस्टेसिंग, मास्क पहनने, थर्मल स्कैनिंग एवं सेनेटाईजर/हैण्डवॉश के उपयोग का पालन किया जायेगा।

अधिकारियों को धान खरीदी प्रभारियों की लगाई गई ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। धान खरीदी वर्ष 2020-21 हेतु उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जिसमें जिले के 92 उपार्जन केन्द्रों में 19 उपार्जन केन्द्रों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को धान खरीदी प्रभारी बनाने का आर्देश दिया गया है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने धान खरीदी प्रभारी बनाये जाने पर विरोध करते हुए। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को धान खरीदी प्रभारी को ड्यूटी से मुक्त करने हेतु छ.ग. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्टर मुंगेली को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी गोधन न्याय योजना के तहत गौठन ग्रामों में नोडल अधिकारी के रूप में लगायी गई है। साथ ही महिला

स्वसहायता समूह का प्रशिक्षण के साथ विभागीय कार्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल कटाई,रबी फसल प्रदर्शन, बीज मिनीकीट वितरण का कार्य भी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कर रहे है। ऐसी अवस्था में धान खरीदी का कार्य जो पूर्ण कालिक कार्य है अपने कर्तव्य निर्वहन के साथ धान खरीदी प्रभारी का कार्य किया जाना संभव नही है। धान खरीदी का कार्य प्रबंधकों द्वारा किया जाता रहा है। जिसमें विगत वर्ष से विवादित व गड़बड़ी वाले स्थानों में धान खरीदी के अनुभवहीन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है जिसका संघ विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन देकर धान खरीदी के प्रभारी के कार्य से मुक्त करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के कार्य को देखते हुए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अमले को मुक्त रखने का आदेश देते हुए किसी भी स्थिति में प्रभारी अधिकारी के रूप में नही लगाये जाने का निर्देश नवम्बर 2016 में दिया गया था।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से

92 उपार्जन केंद्रो में पंजीकृत 82 हजार 754 किसानों से होगी धान की खरीदी

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य एक दिसम्बर से प्रारंभ हो रहा है। इस हेतु जिले में सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उन्होने बताया कि जिले के 66 समितियों के 92 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत 82 हजार 754 किसानों का धान समर्थन मूल्य पर क्रय किया जाएगा। धान उपार्जन केंद्रों के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर निगरानी दलों का गठन किया गया है। धान के अवैध व्यापार, परिवहन एवं धान उपार्जन केंद्रों की समुचित निगरानी, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए धान उपार्जन केंद्र स्तर पर राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त दल का भी गठन किया गया है। धान उपार्जन केंद्र के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर, अन्य स्टाफके साथ-साथ कम्प्यूटर सेट, दो प्रिंटर, यूपीएस, दो केव्हीए जनरेटर, नमी मापक यंत्र, पॉलीथीन कव्हर, ड्रेनेज मटेरियल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। उन्होने बताया कि धान उपार्जन केंद्रों में अवैध रूप से धान खपाने हेतु धान संग्रहणकर्ता, कोचियों और परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। धान खरीदी में उपार्जन केंद्र स्थापित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं क्षेत्रीय, जनप्रतिनिधियों की भी आवश्यक सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होने बताया कि धान खरीदी का कार्य उपार्जन केंद्र दाऊकापा, खाम्ही, खपरीकला, लगरा, अखरार, डिडौरी, गुरूवाईन डबरी, बोड़तरा, चंदली, झाफल, फुलझर, डोंगरिया, खुडिया, नवाडीह, वेंकट नवागांव, विचारपुर, मनोहरपुर, तेलीमोहतरा, सुरेठा, पैजनिया, लोरमी, रैतराकला, तेलीयापुरान, मसनी, सिंघनपुरी, भालूखोंदरा, मुंगेली, फंद्वानी, झगरहटा, टेढ़ाधौरा, पौनी, दुल्लापुर, नवागांव, निरजाम, चकरभाठा, छटन, सेमरकोना, बुंदेली, टेमरी,तरवरपुर, मंदनपुर, लालाकापा, कोदवा, धरमपुरा, गीधा, पंडरभट्ठा, सिंगारपुर, केसलीकला, कंतेली और देवरी में धान की खरीदी की जाएगी।

राजनितिक पदाधिकारियों की बैठक 3 को

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता 01 जनवरी 2021 के संबंध में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 16 नवम्बर 2020 से 15 दिसम्बर 2020 तक सभी मतदान केन्द्रो में अभिहीत अधिकारियो द्वारा नाम जोडने, काटने, संशोधन करने हेतु दावा आपत्ति लिया जा रहा है। इस कार्य में सहयोग हेतु सभी राजनितिक दलों के पदाधिकारियों से कहा गया है कि वे पृथक पृथक मतदान केन्द्रो के लिए बूथ लेबल एजेंट नियुक्त करते हुए इसकी सूची इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। इसी संदर्भ में 3 दिसम्बर 2020 को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में राजनितिक दलो के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है।

'कलम रख मशाल उठा' आंदोलन का शंखनाद आज से

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी 14 सूत्रीय मांगो को लेकर कलम रख मशाल उठा आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है जो तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रांतीय फेरडरेशन के आव्हान पर जिला शाखा की बैठक का आयोजन कन्या उच्चतर माध्य. शाला में आहूत किया गया और बैठक में आंदोलन के तीन चरणों की चर्चा करते हुए, कलम रख मशाल उठा आंदोलन चलाया जायेगा। बैठक में इस बात की चर्चा की गई कि अपने मांगो के संबंध में लगातार बार-बार शासन को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया लेकिन शासन द्वारा आश्वासन के बावजूद भी कोई निर्णय नही लिया गया। जिसके चलते संघ को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ा और संघ ने प्रथम चरण के आंदोलन को 1 दिसम्बर को शंखनाद करते हुए कलेक्टर मुंगेली को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। जो बुझे हुए दीपक लेकर 12 बजे एकत्र होकर जो 1 दिसम्बर को भोजनावकाश में 1.30 बजे कलम रखकर मशाल उठाकर ज्ञापन दिया जायेगा। तत्पश्चात द्वितीय चरण के आंदोलन में 11 दिसम्बर को राज्य के समस्त जिलों में प्रद्रर्शन किया जायेगा।

आस्था पंज प्यारों की अगुवाई में गुरूवाणी के माध्यम से गुरू का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया

गुरूनानक जयंती के पहले दिन निकला नगर कीर्तन

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगर में गुरूनानक जयंती का प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सिक्ख समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारे में जहां पूजा-पाठ कर गुरूद्वारे में लंगर का आयोजन किया जिसमें बडी संख्या में लोगों ने लंगर चखा। वहीं सिंधी समाज के लोगों ने रायपुर रोड स्थित झुलेलाल मंदिर में पाठ के पश्चात सुबह 7 बजे शोभायात्रा निकाली जो नगर के विभित्र मार्गो से होते हुए झुलेलाल मंदिर मे समाप्त हुई दोपहर मे सिंधी समाज के नवयुवको ने बाइक रैली निकाली।

सिक्ख समाज के अराध्य गुरूनानक देव साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर सोमवार को नगर कीर्तन निकाला गया। श्री गुरूग्रंथ साहिब की सरपरस्ती में एवं पंज प्यारों की अगुवाई में गुरूवाणी के माध्यम से गुरू का संदेश लोगों तक पहुंचाया। चारों ओर गुरूवाणी की गूंज सुनाई देती रही। गुरूद्वारा में पूजा अर्चना के बाद में प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें बड़ी सख्या में लोगा उपस्थित रहे।

वहीं सिंधी समाज के द्वारा गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व सोमवार को बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सोमवार की सुबह 6 बजे से रायपुर रोड स्थित झुलेलाल मंदिर से भव्य रैली निकाली गई। जो कीर्तन करते हुए नया बस स्टैण्ड, महाराणा प्रताप चौक (पड़ाव

चैक), मां परमेश्वरी चैक (बालानी चैक), परशुराम चैक (पुराना बस स्टैण्ड) से होते हुए सामुदायिक भवन के पास बड़ा बाजार, प्रेमआर्य के घर के पास नंदी चैक से होते हुए झुलेलाल मंदिर में समाप्त हुई। रास्ते भर गुरूवाणी व शब्द गायन साध-संगत करते रहे। वहीं महिलाएं व पुरूषों ने जिस भी रास्ते नगर किर्तन गुजरा पहले रास्ते की सफाई पानी डाल कर की। वहीं फूलों की वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। गुरूनानक देव का यह 551 वां प्रकाश पर्व है। इस उपलब्ध में यह आयोजन किया गया। इसमें शहर भर के सिख समाज के सदस्य शामिल हुए सभी ने वाहे गुरू की महिमा गाई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से नारूमल, ज्ञानचंद, मीहामल, गागनदास, विद्यापाल, लच्छू जेठवानी, अजीतराम, मोहन भोजवानी, संजय, सत्यपाल, तुलजा, रमाकांत, बिज्जू रूपवानी, परशराम, गोविंदराम, मनोज जग्यांशी, भागचंद लखवानी, जीवन मंगलानी, राजू वासवानी, विजय भोजवानी, बलराम, अनिल गोगिया, प्रताप राय, बादशाह, पून्नू एवं राजेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश भोजवानी, बादशाह, पूरन विक्की आर्य सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष ने अपना योगदान दिया।

स्वच्छता का संदेश -गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व क अवसर पर निकाले गए नगर कीर्तन में समाज के लोगों ने स्वच्छता का संदेश दिया। नगर कीर्तन के दौरान पानी पाउच व डिस्पोजल जैसे सामग्री को उठाते हुए गाड़ी में भर कर ले जाया गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि उत्सव खुशी व उत्साह के साथ मनाया जाता है। ऐसे में गंदगी फैलाना सही नहीं है। इसलिए रास्ते भर में स्वागत के दौरान दिए गए सामग्री के कचरे को भी साफ करते रहे।

गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व सोमवार को मनाया गया। सुबह 8 बजेसे 10 बजेतक साध संगत के द्वारा कीर्तन किया गया। सुबह 10.30 बजे से 11.15 बजे तक कीर्तन किया गया। शाम में 6.30 से रात 8 बजे तक बच्चों के द्वारा कीर्तन किया गया।

न्यूज गैलरी

उधार दिये रुपयें को लेकर बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट किया, मामला दर्ज

रायपुर। उधार दिये रुपयें को लेकर एक महिला के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फाफाडीह देवेन्द्रनगर निवासी ममता कटारिया 65 वर्ष पति मंसुखलाल कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उधार में लिये रुपयें की लेन-देन की बात पर 29 नवंबर को कालीनगर देवेन्द्रनगर में अंजलि तांडी के पति ने पीड़िता के साथ गाली-गलौचकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

रोड़ एक्सीडेन्ट में बाईक सवार व्यक्ति की मौत,अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो जाने पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है। गोबरानवापारा पुलिस के अनुसार भुनेश्वर सिंह 48 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 29 नवंबर को ग्राम तर्री दुलना मोड़ के पास मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 23 एफ 7632 से जाते समय अर्जुन सिंह ठाकुर 58 वर्ष पिता गणेश सिंह ठाकुर निवासी ठाकुरपारा राजिम को किसी अज्ञात वाहन ने एक्सीडेन्ट कर दिया,इस वजह से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए का अपराध दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की व मासूम लापता,गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

रायपुर। उरला व टिकरापारा क्षेत्र से एक मासमूस व एक नाबालिग लड़की के लापता हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीरगांव उरला निवासी पिता 35 वर्ष ने उरला थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 29 नवंबर को प्रार्थी का बेटा आयु 06 वर्ष घर से बिना बताये कही चला गया है। पीड़ित ने आशंका जताया है किसी ने मासूम को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुमइंसान का मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह टिकरापारा क्षेत्र में पीड़ित 37 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की नाबालिग बेटी आयु 16 वर्ष घर से बिना बताए कही चली गई है। किसी ने बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुम इंसान का मामला दर्ज कर लिया है।

बाईक कट मारकर चलाने से मना करने पर हुआ विवाद ,दो पर मामला दर्ज

रायपुर। बाईक कट मारकर चलाने के विवाद में दो युवकों ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों के साथ मारपीट कर नुकीले औजार से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट मानाकैम्प थाने में दर्ज की गई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवपुरी टिकरापारा निवासी नरेश जोशी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के भाई अनीकेत जोशी व उसके दोस्त को 29 नवंबर को बाईक से जाते समय कमल विहार गेट के पास मोटसाइकिल सवार युवकों को कट मारकर चलाने से मना करने पर पल्सर सवार अज्ञात 2 युवकों ने पीड़ित के भाई व उसके दोस्त को गाली-गलौचकर हाथ-मुक्का एवं नुकीले औजार से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

केटीएम बाईक में चाकू लेकर घूमते दो गिरफ्तार

रायपुर। वाहन चेकिंग के दौरान केटीएम मोटरसाइकिल सवार दो युवकों के पास से चाकू मिलने पर आरोपियों के पास से गाड़ी व बटन चाकू जब्त कर पुलिस 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाही की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौरव पथ रोड आनंद चौक तेलीबांधा में 29 नवंबर को रात्रि 7.45 बजे आने-जाने वालें वाहनों की चेकिंग के दौरान सामने से आ रहे दो युवकों को संदिग्ध लगने पर रोककर गाड़ी की कागजात व सीट खुलवाकर देखने पर एक बटन चाकू मिलने पर केटीएम ड्यूक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीएस 9187 सवार युवक ओकेश कुमार साहु 20 वर्ष पिता छन्नुलाल साहु निवासी गोकुलनगर शिव मंदिर के पास गुढ़ियारी व लुकेश कुमार साहु 20 वर्ष पिता पारखराम साहु निवासी नागपुर परडी मोहल्ला चामट स्कूल थाना पारडी को गिरफ्तार कर उनके पास से गाड़ी व चाकू जब्त कर 25 आर्म्स एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाही की गई है।

कोचिंग सेंटर के सामने खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। कोचिंग सेंटर के सामने खड़ी बाईक को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नूतन स्कूल के पास टिकरापारा निवासी मोम्मद हशन 47 वर्ष ने 29 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की सुजूकी एक्सेस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एलवी 1784 अनुमानित कीमत 10 हजार रुपयें को किसी ने 24 नवंबर को राम केमेस्ट्रि कोचिंग सेटर के सामने टैगोरनगर में खड़ी करके गया था।

आसमान के साफ होते ही ठंड ने दिखाया अपना असर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। चक्रवाती तूफान निवार के गुजर जाने के बाद जैसे ही मौसम फिर से सामान्य हुआ है ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। शहर की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों व मैदानी इलाकों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। वहीं आने वाले दिनों में तापमान और गिरने की संभावना है।

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में इस समय ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तूफान के चलते डिस्टर्ब हुआ मौसम अब काफी हद तक सुधर गया है। आसमान में छाए बादलों के छंट जाने के बाद ठंड अपने पूरे फार्म में लौट आया है। इधर हवा की दिशा में भी क्रमशः बदलाव आना शुरू हो गया है। परिणाम स्वरूप अब ठंड पहले से कहीं ज्यादा महसूस होने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के

अनुसार आसमान में छाए बादलों के चलते ठंड का असर काफी हद तक कम हो गया था। वहीं राज्य में नमीयुक्त हवा आने के कारण व पश्चिमी हवा के मिलने से मौसम पूरी तरह से बिगड़ चुका था। इसमें चक्रवाती तूफान निवार का भी महत्वपूर्ण असर रहा, जिसके चलते मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया था। लेकिन अब स्थिति स्पष्ट हो चुकी है, आसमान में छाए बादलों के छंटते ही ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। इधर नमीयुक्त हवाओं के आने का भी क्रम बंद हो गया है, जिसके चलते आसमान पूरी तरह से साफ हो चुका है। हवा की दिशा में आ रहे क्रमशः बदलाव के बाद अब ठंड धीरे-धीरे बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। इसके साथ ही दिन के तापमान में मामूली अंतर आने तथा रात में तापमान के और गिरने की संभावना बनी हुई है।

विकास उपाध्याय ने पश्चिम विधानसभा के विद्युत मंडल में नवनिर्मित टर्फ विकेट का किया निरीक्षण

- न्यू यंग क्रिकेट एकेडमी समिति के कोच स्टाफ एवं प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने खुशी जताकर किया आभार व्यक्त एवं सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर पश्चिम के विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने आज पश्चिम विधानसभा के विद्युत मंडल में नवनिर्मित टर्फ विकेट का निरीक्षण किया।

श्री उपाध्याय ने निरीक्षण के दौरान कहा कि यह मांग काफी समय से थी जिसे पूर्व की सरकार ने ध्यान नही दिया इनके कोच शेख अनवर भाई बिना किसी स्वार्थ के लगातार बच्चो को कोचिंग देते रहे इस अकैडमी से अब तक न जाने कितने खिलाड़ी निकल चुके है जिन्होंने स्टेट लेबर के साथ-साथ अंडर-19 तक मे अपनी छाप छोड़ी है बहुत जल्द टर्फविकेट का कार्य पूर्ण कर जल्द से जल्द इसका शुभारंभ किया जाएगा जिससे आने वाले नववर्ष पर प्रशिक्षित खिलाड़ियों को सर्वसुविधा युक्त मैदान एवं टर्फ विकेट मिल सके।

न्यू यंग क्रिकेट अकेडमी के कोच अनवर ने बताया कि आज संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय ने आकस्मिक पहुच नवनिर्मित टर्फ विकेट का निरीक्षण किये और जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण करने का आश्वासन दिए है विधायक को अपने बीच पाकर बच्चो के चेहरे पर झलकी खुशियां विधायक के पहुचने पर स्टाफ के सदस्य,प्रशिक्षित खिलाड़ी एवं बच्चो ने आभार व्यक्त किया साथ ही उन्हें ज्ञापन भी दिया गया ज्ञापन देने वालो में कोच शेख अनवर, संजू वर्मा, डॉ.विकास पाठक, शानू दीवान, रामकिशन साहू, मो.सादिक, सोनू ठाकुर, अजय शर्मा एवं समस्त सदस्य उपस्थित है।

ज्ञात हो कि रायपुर पश्चिम के विद्युत मंडल मैदान पर लगातार कई वर्षों से समर्पित भाव से क्रिकेट अकेडमी चलाई जा रही है बिना किसी सुविधा के उसके बाद भी इस अकेडमी से अब तक न जाने कितने स्टार क्रिकेट निकले है जो अंडर 16,अंडर-19 स्टेट लेबर तक कि क्रिकेट में अपना लोहा मनवाए है।

नशीली प्रतिबंधित दवा व सिरप कार में रखकर बेचते दो युवक गिरफ्तार

रायपुर। क्रेटा कार में रखकर प्रतिबंधित नशीला कफ सिरप एवं टेबलेट बेचते पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में दवा व सिरप के साथ कार जब्त किया है। आजाद चौक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर 29 नवंबर को 9.10 बजे ईदगाह भाठा हिन्द स्पोर्टस मैदान के पास दो लोगों के द्वारा नशीला टेबलेट व सिरप बेचने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर रेड की कार्रवाही के दौरान क्रेटा कार क्रमांक सीजी 07 बीके 9722 में सवार अभिषेक ठाकुर 24 वर्ष पिता लखन सिंह एवं शहबाज खान 29 वर्ष पिता मोहम्मद अली खान को पकड़ा है। पकड़े गए युवकों की कार की तलाशी लेने पर 11 शीशी क्यूरेक्स कफ सिरप,398 नग ओनरेक्स कफ सिरप प्रत्येक में 100-100 एमएल कुल 409 नग नशीला प्रतिबंधित दवा एवं ब्रिकी की रकम 55 सौ रुपयें आरोपियों के पास से जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नार्कोटिक्स 21 के तहत कानूनी कार्रवाही कर गिरफ्तार कर लिया है।

रावतपुरा सरकार ने अमित जोगी के पुत्र अयान को दिया आशीर्वाद

रायपुर। रावतपुरा सरकार ने सोमवार को जनता कांग्रेस छग के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के घर पहुंचे और उनके पुत्र अयान को आशीर्वाद दिया। अमित जोगी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज सुबह आज सुबह रावतपुरा सरकार घर आकर मेरे पुत्र अयान को गोद में लेकर अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरे पापा अजीत जोगी के स्वर्गवास के बाद मेरा परिवार उनके आत्मीय मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहेगा।

पुरानी रंजिश के चलते नाबालिग की हत्या, दो संदेही गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी में चाकूबाजी की घटना में फिर एक युवक की हत्या होने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात राहुल तांडी व गोपी सागर नशे की हालत में रविवार को रात 12 बजे बुढ़ा तालाब के पास बैठे थे,तभी जुबेर नाम के एक व्यक्ति ने इन्हे बोरियाखुर्द छोड़ देने की बात कही,इसके बाद राहुल व गोपी एवं जुबेर एक साथ बोरियाखुर्द आरडीए कालोनी स्कूटर से 12.30 बजे पहुंचे। वहां पहले से मौजूद जावेद नाम के व्यक्ति ने राहुल की गाड़ी को धक्का देकर गिरा दिया व उसके ऊपर धारदार हथियार से ताबड़तोड वार कर हत्या कर दी। बीच -बचाव करने पर चाकू से गोपी सागर के उपर भी आरोपियों ने वार किया जिसके बाद वह घटना स्थल से भागकर इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी। राहुल तांडी की हत्या में जावेद का भाई जुबेर ने भी साथ दिया जब मृतक पर आरोपी धारदार हथियार से वार कर रहा था तो जुबेर मृतक को पकड़ रखा था। गोपी सागर ने पुलिस को बताया कि 1 माह पहले भी मृतक व आरोपी के बीच विवाद होने के बाद मारपीट हुआ था,उसी रंजिश को लेकर जुबेर 18 वर्ष व जावेद 20 वर्ष ने एक राय होकर मृतक की हत्या कर दी। मृतक राहुल तांडी नेहरु नगर निवासी है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर धारा 302,323,34 के तहत मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले में दो संदेहियों को हिरासत लेने की जानकारी मिली है।

कलिंगा विश्वविद्यालय में 'फर्स्ट स्टेप -2020' का ऑनलाइन आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले समस्त पी.जी. विभाग के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए इंडक्शन कार्यक्रम ''फर्स्ट स्टेप - 2020'' का ऑनलाईन आयोजन दिनांक 30 नवम्बर 2020 को संपन्न हुआ। नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधि, उपलब्ध सुविधाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की गयी। इस आयोजन में नए विद्यार्थियों के स्वागत के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिता, क्वीज प्रतियोगिता, गीत नृत्य एवं सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

''कोरोना महामारी'' प्रकोप के कारण शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सभी कार्यक्रम ऑनलाईन किए जा रहे है। इसीलिए नए विद्यार्थियों के लिए स्वागत का कार्यक्रम ''फर्स्ट स्टेप - 2020'' का ऑनलाईन आयोजन संपन्न किया गया।

''फर्स्ट स्टेप - 2020'' के ऑनलाईन आयोजन के प्रथम चरण में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर, कुलसचिव डॉ संदीप गांधी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आशा अंभईकर और अकादमिक मामले के प्रमुख श्री राहुल मिश्रा की उपस्थिति में भारतीय परंपरा के अनुसार ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विश्वविद्यालय सभागार में वरिष्ठ छात्रा सुश्री डी. वसावी का एकल नृत्य एवं अफगानी छात्रों और छत्तीसगढ़ी मनमोहक नृत्य का लाइव परफार्मेंनस किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉं. संदीप गांधी ने नए विद्यार्थियों को स्वागत भाषण के माध्यम से कलिंगा विश्वविद्यालय के अब तक के स्वर्णिम सफर और उपब्धियों को बताते हुए कहा कि हमने बहुत कम समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संपूर्ण देश में अपनी पहचान दर्ज की है। आपने उच्च शिक्षा के लिए इस विश्वविद्यालय का चयन किया है। हमें पूरा विश्वास हैं कि हम आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉं. आर. श्रीधर ने नए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कलिंगा विश्वविद्यालय का उद्देश्य व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ अनुसंधानपरक एवं मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। जिससे विद्यार्थी अपने सर्वोत्कृष्ट लक्ष्य को प्राप्त करे और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने देश और समाज में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभा सके। हम वैश्विक मानदंड के अनुसार विद्यार्थियों को तैयार करने में यकीन रखते है। जिससे आप किसी भी नए परिवेश में स्वयं को ढाल सकें।

कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिर्देशक डॉ. बैजू जॉन ने कहा- कि आत्मविश्वास के साथ सही दिशा का चयन करके हम प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। हम आपको विश्वस्तरीय अनुभवी प्राध्यापकों की टीम सर्वोत्कृष्ट अधोसंरचना और संसाधनों के साथ शोध आधारित गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कोरोना संक्रमण से 102 स्वस्थ होकर हुए डिस्चार्ज, 1273 नए पाजिटिव मरीज मिले

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। शीत ऋतु प्रारंभ होते ही देश एवं प्रदेश में दीपावली त्योहार के बाद कोरोना वायरस का दूसरा संक्रमण का दौर अपने पूरे जोर से फैलाव पर है। लापरवाही के चलते जहां कोरोना वायरस कोविड 19 का स्वरूप प्रथम चरण के बाद अधिक आक्रामक तरीके से मरीजों को प्रभावित कर रहा है वहीं लाक डाउन खत्म होने के बाद आम लोगों में अभी भी कोरोना वायरस को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। नगर निगम एवं जिला प्रशासन तथा स्वयं सेवी संगठनों द्वारा शासकीय अशासकीय क्षेत्रों द्वारा बार बार मास्क पहनने की अपील करने के बाद भी बाजार क्षेत्र में ज्यादातर लोग बिना मास्क पहने लोगों के लिए खतरे का सबब बने हुए है। प्रदेश का प्रशासनिक मुख्यालय महानदी भवन सचिवालय में भी बिना मास्क पहने कर्मियों पर जहां अर्थदंड की कार्रवाई की गई है वहीं जनमानस के जेहन में यह भी सवाल तैर रहा है कि प्रशासनिक स्तर पर जब मास्क पहनने के मामले को लेकर लापरवाही दिखाई जा रही है ऐसे में जन अपील के जरिए लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रेरित करने का कार्य लोगों के लिए सवालिया निशान बन रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार रविवार रात 8 बजे की स्थिति में प्रदेश से कुल 102 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की जानकारी दी गई है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार 1273 नये कोरोना पाजीटिव मरीज मिलने की जानकारी दी गई है। अब तक

7 की हुई उपचार के दौरान मृत्यु

प्रदेश में कुल 2 लाख 35998 मरीज कोरोना पाजीटिव के पाये गये है जिनमें अस्पताल से अब तक 85,5881 मरीज कोरोना उपचार के दौरान स्वस्थ होकर अपने घरों तक पहुंच चुके हैं। गत 24 घंटे में होम आइसोलेशन से 1361 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं प्रदेश स्तर पर अब तक 1 लाख 26 हजार 936 मरीज स्वस्थ होकर अपनी दिनचर्या रोजाना की जारी रखने में सफल हुए हैं। प्रदेश में 1361 मरीज गत 24 घंटे में डिस्चार्ज हुए है अब तक प्रदेश में 2,12, 517 मरीज इलाज के दौरान शासकीय अशासकीय चिकित्सा संस्थानों में पंजी में दर्ज होकर समुचित उपचार का लाभ लेकर ठीक हो गये हैं।

कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 20,641 है। उपचार के दौरान 7 मरीजों की मृत्यु हुई है जिनमें कोविड 19 के 1 एवं को मार्बिडिटी के 6 मरीज शामिल है। गत 24 घंटे में 23,963 मरीजों का कोरोना टेस्ट किया गया है।

जिलावार कोरोना मरीजों की स्थिति इस प्रकार है- दुर्ग 90, राजनांदगांव 87, बालोद 52, बेमेतरा 29, कबीरधाम 32, रायपुर 153, धमतरी 33, बलौदाबाजार 49, महासमुंद 52, गरियाबंद 32, बिलासपुर 118, रायगढ़ 101, कोरबा 74, जांजगीर चांपा 89, मुंगेली 16,पेंड्रा गौरेला मरवाही 0, सरगुजा 38, कोरिया 43, सूरजपुर 42, बलरामपुर 33, जशपुर 23, बस्तर 19, कोंडागांव 27, दंतेवाड़ा 10, सुकमा 02, कांकेर 25, अन्य राज्य से 2 एवं सबसे कम मरीज नारायणपुर और बीजापुर से एक-एक कोरोना पाजीटिव के मिले है।

संपादकीय

गृह मंत्रालय की नई गाइड लाइन

भारत में दीपावली के बाद से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में हो रही वृद्धि को देखते हुए केन्द्रिय गृह मंत्रालय ने कोरोना वायरस को लेकर नई गाईड लाईन जारी की है जिसमें कोरोना प्रभावित राज्यों के कंटेनमेंट जोन को लेकर और ज्यादा सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए है। गृह मंत्रालय ने कोरोना से संबंधित निगरानी नियंत्रण और सावाधनी के लिए जो दिशा निर्देश दिए है उसके तहत विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों के दौरान भीड़ को नियंत्रण में रखना अनिवार्य किया गया है। इसी तरह कंटेनमेंट जोन में केवल आवश्यक गतिविधियों की ही अनुमति होगी जिसके लिए स्थानिय जिला पुलिस और नगर पालिका अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि निर्धारित उपायों का कड़ाई से पालन किया जाएं। गृह मंत्रालय के ये नए दिशा निर्देश एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य कोरोना के संक्रमण पर पाए गए काबू को मजबूत करना है और जिन दस राज्यों में कोरोना के मामले बढ़े है वहां आवश्यक सावधानी बरतना है। अब यह संबंधित राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे केन्द्रिय गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए इन नए निर्देशों का कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित करें ताकि कोरोना वायरस का संक्रमण और ज्यादा न फैले किन्तु देखा यह जा रहा है कि ऐसे दिशा निर्देशों को राज्या सरकारें गंभीरता से नहीं ले रही है और न ही इसके लिए जिम्मेदारी तय की जा रही है। कोरोना काल में मास्का पहनना अनिवार्य है इसके लिए लगातार सरकार लोगों को जागरूक कर रही है और चेतावनी भी दे रही है लेकिन लोग अभी भी मास्क को अनावश्यक बोझ समझ रहे है और बाजार व सार्वजनिक स्थलों में बेखौफ होकर बगैर मास्क के घूमते है। इसी तरह सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन करना लोग जरूरी नहीं समझ रहे है। मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिए राज्य सरकारों को और कड़े कदम उठाने होंगे तभी लोग आवश्यक सावधानी बरतेंगे। कुछ राज्यों में मास्क न लगाने पर जुर्माना राशि 100 रूपए से बढ़ाकर 200 रूपए और कही 1000 रूपए कर दी गई है किन्तु इसके बावजूद लोग मास्क लगाने में लापरवाही कर रहे है, यही हाल सोशल डिस्टेंसिंग का है जिसकी सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। यदि यही हाल रहा तो कोरोना वायरस का संक्रमण ठंड के मौसम में और ज्यादा फैल सकता है इस पर कोराना प्रभावित राज्य सरकारों को गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए और कड़े कदम उठाने चाहिए।

विचार

ईरान और बाइडन की दुविधा

ईरान के परमाणु-वैज्ञानिक मोहसिन फख्रीजाद की हत्या एक ऐसी घटना है, जो ईरान-इस्राइल संबंधों में तो भयंकर तनाव पैदा करेगी ही, यह बाइडन-प्रशासन के रवैए को भी प्रभावित कर सकती है। फख्रीजाद ईरान के परमाणु-बम कार्यक्रम के अग्रगण्य वैज्ञानिक थे। उनका नाम लेकर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें काफी खतरनाक आदमी बताया था। ईरानी सरकार का दावा है कि तेहरान के पास आबसर्द नाम के गांव में इस वैज्ञानिक की हत्या इस्राइली जासूसों ने की है। इसके पहले इसी साल जनवरी में बगदाद में ईरान के लोकप्रिय जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या अमेरिकी फौजियों ने कर दी थी। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनई ने कहा है कि ईरान इस हत्या का बदला लेकर रहेगा। यों भी पिछले 10 साल में ईरान के छह वैज्ञानिकों की हत्या हुई है। उसमें इस्राइल का हाथ बताया गया था। हत्या की इस ताजा वारदात में अमेरिका का भी हाथ बताया जा रहा है, क्योंकि ट्रंप के विदेश मंत्री माइक पोंपिओ पिछले हफ्ते ही इस्राइल गए थे और वहां उन्होंने सउदी सुल्तान और नेतन्याहू के साथ भेंट की थी। ईरानी सरकार को शंका है कि ट्रंप-प्रशासन अगली 20 जनवरी को सत्ता छोड़ने के पहले कुछ ऐसी तिकड़म कर देना चाहता है, जिसके कारण बाइडेन-प्रशासन चाहते हुए भी ईरान के साथ तोड़े गए परमाणु समझौते को पुनर्जीवित न कर सके। ओबामा-प्रशासन और यूरोपीय देशों ने ईरान के साथ जो परमाणु समझौता किया था, उसे ट्रंप ने भंग कर दिया था और ईरान पर से हटे प्रतिबंध को दुबारा थोप दिया था। अब ईरान गुस्से में आकर यदि अमेरिका के किसी बड़े शहर में कोई जबर्दस्त हिंसा करवा देता है तो बाइडन-प्रशासन को ईरान से दूरी बनाए रखना उसकी मजबूरी होगी। यह दुविधा ईरानी नेता अच्छी तरह समझ रहे होंगे। यह तो गनीमत है कि ट्रंप ने अपनी घोषणा के मुताबिक अभी तक ईरान पर बम नहीं बरसाए हैं। अपनी हार के बावजूद हीरो बनने के फेर में यदि ट्रंप ईरान पर जाते-जाते हमला बोल दें तो कोई आश्चर्य नहीं है। वैसे भी उन्होंने पश्चिम एशिया के ईरान-विरोधी राष्ट्रों–– इस्राइल, सउदी अरब, जोर्डन, यूएई और बहरीन आदि को एक जाजम पर बिठाने में सफलता अर्जित की है। बाइडन-प्रशासन की दुविधा यह है कि वह इस इस्राइली हमले की खुली भर्त्सना नहीं कर सकता लेकिन वह किसी को भी दोष दिए बिना इस हत्या की निंदा तो कर ही सकता है। ईरान और बाइडन-प्रशासन को इस मुद्दे पर फूंक-फूंककर कदम रखना होगा।

टेक ज्ञान-

वन प्लस नोर्ड एसई के डीटेल्स सामने आए

नई दिल्ली। अगले साल लॉन्च होने वाले OnePlus 9 के अलावा सस्ते OnePlus SE से जुड़े डीटेल्स भी ऑनलाइन लीक हुए हैं। सामने आया है कि चाइनीज टेक ब्रैंड वनप्लस एक सस्ते फोन पर काम कर रहा है। Android Central की ओर से शेयर की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि OnePlus Nord SE को 2021 के मार्च महीने में लॉन्च किया जा सकता है।

रोशनी कानून की आड़ में काले कारनामे

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> इस अधिनियम की धारा 12 उपधारा 4 मे कृषि भूमि से संबंधित प्रावधान दिए गए हैं जो यह कहते हैं कि किसी व्यक्ति के कब्जे मे कृषि योग्य भूमि है तो उसे बगैर किसी मूल्य के उसे दे दी जाएगी और उसके बदले मे केवल 100 रुपए वसूल किया जाएगा राजस्व दस्तावेजों को दुरुस्त रखने के लिए। अब ये पूरा प्रावधान ही वैधानिक निषेध के नियम 13(4) के विरूद्ध निर्धारित किया गया है। इस प्रावधान का उपयोग करते हुए करोड़ो की कीमत वाली कृषि योग्य भूमि को बिना किसी मूल्य के मालिकाना हक प्राप्त कर लिया गया, लूटेरों के द्वारा। 2001 मे लागू किए गए अधिनियम की धारा 8(इ) के अनुसार केवल 10 इंदसे जमीन का स्वामित्व प्रदान किया जा रहा था, परंतु 2004 में इसमें संशोधन किया गया और इस सीमा को बढ़ाकर 100 इंदसे कर दिया गया।

कानून का नाम भले ही 'रोशनी कानून' है, लेकिन इस रोशनी की आड़ में कितने काले कारनामों का अंजाम दिया गया है, उसकी सूची लंबी है। रोशनी कानून जम्मू कश्मीर का वो कानून जिससे षडयंत्र और लूट का बदबू आती है। अब इस कानून की आड़ लेकर किये गये घोटाले और अवैध कब्जों का भांडा फूट चुका है। और खुलासा हो चुका है कि जम्मू-कश्मीर के हिस्से की 'रोशनी' किसने लूटी है? बेशकीमती सरकारी और जंगलात की जमीन को ही कब्जाने का यह बहुत बड़ा घोटाला है। संभवतः अभूतपूर्व भ्रष्टाचार है! बेशक सरकारी आकलन 25,000 करोड़ रुपए का है, लेकिन घोटाला उससे भी अधिक और सामाजिक-सांस्कृतिक स्तर पर षड्यंत्र का है। गरीबों के घरों को रोशन करने के नाम पर नेशनल कांफ्रेंस सरकार ने जम्मू और कश्मीर भूमि एक्ट 2001 लागू किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने वर्ष 1990 से हुए अतिक्रमण को इस एक्ट के दायरे में लाकर नियमित करने का फैसला किया। सरकार का कहना था कि इसका फायदा सीधा उन किसानों को मिलेगा जो सरकारी भूमि पर कई वर्षों से खेतीबाड़ी करते थे। इससे होने वाली आमदनी से जम्मू-कश्मीर में बिजली पैदा कर गरीबों के घर रोशन किए जाने थे। मगर एक्ट का फायदा उठाकर राजनेताओं, नौकरशाहों और व्यवसायियों ने सरकारी और वन भूमि की बंदरबांट की। वर्ष 2005 में मुफ्ती मोहम्मद सईद के नेतृत्व वाली पीडीपी सरकार ने योजना का दायरा 2004 तक हुए कब्जों तक सीमित कर दिया। वहीं, गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने इसे वर्ष 2007 तक सीमित किया। योजना के तहत सरकारी जमीन को नियमित करने के लिए कई नए अतिक्रमण हुए।

2014 में कैग ने अपनी रिपोर्ट में 25 हजार करोड़ के घोटाले का जिक्र किया और हंगामा मच गया। इस दौरान कई याचिकाएं भी लगीं। वर्ष 2016 में एडवोकेट अंकुर शर्मा ने जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। 13 नवंबर 2018 को हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने रोशनी एक्ट के तहत हर तरह के लेनदेन पर रोक लगा दी। चंद दिन बाद, 28 नवंबर 2018 को तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक की अध्यक्षता में प्रदेश प्रशासनिक परिषद ने भी रोशनी एक्ट

के तहत हर तरह के लेनदेन पर रोक लगा दी। 2004 मे गुपकार गैंग की दूसरी सबसे बड़ी भागीदारमहबूबा मुफ्ती के अब्बा मुफ्ती मोहम्मद सईद की सरकार थी और उन्होंने भी ये मौका हाथ से नही जाने दिया। 27 फरवरी 2004 को 'जम्मू एंड कश्मीर स्टेट लैंड एक्ट' में संशोधन किया गया, जिसे दिनांक 19 मार्च 2004 को तत्कालीन गवर्नर श्रीनिवास कुमार की मंजूरी मिलने के पश्चात सरकारी राजपत्र मे प्रकाशित कर लागू कर दिया गया। इस प्रकार जो अवैध कब्जे की तय सीमा 1990 तक थी, 2001 के अधिनियम में उसे उस संशोधन के जरिए 2004 तक बढ़ा दिया गया। अर्थात जो निवासी 2004 तक सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके बैठे थे वे सभी पात्र कर दिए गए इस अधिनियम के द्वारा वैध स्वामित्व प्राप्त करने के लिए। फिर 2007 मेंकांग्रेस की सरकार बनी और गुलाम नबी आजाद मुख्यमंत्री बने। घोटालों पर तो हमेशा कांग्रेस के नेताओं का एकछत्र राज रहा है, तो फिर कांग्रेस यहां कैसे पीछे रहती!

तजा मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जंगलात की करीब 50 लाख कनाल जमीन पर पूर्व मुख्यमंत्रियों, पूर्व मंत्रियों और विधायकों, पूर्व नौकरशाहों, पूर्व बैंक चेयरमैन और उद्योगपतियों आदि ने अवैध कब्जे किए। बेशक केंद्र सरकार 3.42 लाख कनाल जमीन को हड़पने की बात कर रही है। आरोप है कि जम्मू के हिंदू-बहुल क्षेत्र को भी मुस्लिम-बहुल इलाका बनाने की सांस्कृतिक साजिश रची गई। कमाल है कि यह घोटाला नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस, पीडीपी की सरकारों में सिलसिलेवार जारी रहा और जमीन हड़पने की कोशिश में 'कट ऑफ' साल बदलते गए। अक्तूबर में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से यह भू-माफिया जमात बेपर्दा हुई।

अब अदालत के आदेश पर ही सीबीआई जांच जारी है और 'रोशनी' छीनने वाले लाभार्थियों के नाम सरकारी वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दिए गए हैं। जांच में सार्वजनिक हुई पहली सूची में पीडीपी नेता रहे हसीब द्राबू और उनके परिजनों का नाम है। पूर्व गृहमंत्री सज्जाद किचलू, पूर्व मंत्री अब्दुल मजीद वानी, असलम गोनी, नेशनल कांफ्रेंस के नेता व पूर्व मंत्री सईद आखून और जेके बैंक के पूर्व चेयरमैन एमवाई खान नाम प्रमुख हैं। लिस्ट में डा. फारूक और उमर अब्दुल्ला तथा उनकी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के नाम चैंकाते हैं। अब्दुल्ला परिवार की तीन पीढियों ने जम्मू-कश्मीर पर हुकूमत की है। फिर भी यह हवस और तृष्णा!

बहरहाल केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद का आरोप है कि 1998 में फारूक अब्दुल्ला ने 3 कनाल जमीन खरीदी थी, लेकिन कुल 7 कनाल 16 मरले जमीन पर कब्जा कर लिया। उस जमीन पर उनका खूबसूरत बंगला बना है। इसी तरह जम्मू और श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय के लिए 3 कनाल 16 मरले प्रति के हिसाब से जमीन आवंटित कराई गई। फारूक की बहिन सुरैया मट्टू के हिस्से भी 3 कनाल से ज्यादा जमीन की 'रोशनी' आई। उन्हें उसकी कीमत 1 करोड़ रुपए चुकानी थी, जो आज तक नहीं दी गई है, ऐसा सरकारी रिकॉर्ड खुलासा करते हैं। फारूक वाली जमीन की कीमत भी 10 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्रियों की दलील है कि उनके दादा ने जमीन खरीदी थी, जो उनके पिता के हिस्से में आई। पिता ने बच्चों के नाम बंटवारा किया, तो मौजूदा जमीन का टुकड़ा उनके हिस्से में भी आया। सभी आरोपी घोटाले से इंकार कर रहे हैं और आरोपों को सिरे से खारिज कर रहे हैं।

सवाल है कि हाईकोर्ट ने 2001 के अधिनियम को 'असंवैधानिक' करार क्यों दिया? यदि कानून असंवैधानिक है, तो उसके तहत जमीन की पूरी खरीद-फरोख्त भी अवैध है। सवाल यह भी है कि जंगलात की वह जमीन बेचने की प्रक्रिया ही शुरू क्यों की गई? जंगल और वन की भूमि तो आदिवासियों और उन पर आश्रितों की है। यदि उस पर कब्जे किए गए हैं, तो सरकारें उन्हें खाली कराने में असमर्थ क्यों रही हैं?

अलौकिक अंतर्ज्ञानी गुरू नानक देव

नीरज मनजीत

> विश्व को उनका सबसे बड़ा योगदान है प्रगतिशील, सम्यक दृष्टि रखनेवाले, कुरीतियों से मुक्त एकेश्वरवादी सिख पंथ की स्थापना। भारत की प्रगति में बहादुर और परिश्रमी सिखों ने कितना बड़ा योगदान दिया है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। आज विश्व के अनेक देशों में सिखों ने अपने अथक परिश्रम और बौद्धिक क्षमता के बूते पर काफी बड़े स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अपने सिखों (शिष्यों) को सीधे और सरल शब्दों में उन्होंने सबसे बड़ा उपदेश दिया- 'दसवँद कडणा, ते वँड छकणा' यानी मेहनत की कमाई का दसवां हिस्सा भले काम में लगाना और बाँटकर खाना।

दया कपाह, संतोखु सृतु, गाँठि सतु बटु, एहि जनेऊ जी अका हई, ता पाण्डे धतु ना ही तुटै, ना मलु लगै, ना एहु जलै, ना जाए

(गुरू ग्रंथ साहिब, आसा दी वार, महल्ला 1, पृष्ठ 471)

गुरू नानकजी की उम्र उस वक्त 9 वर्ष की थी। पिता लाला कल्याण राय (मेहता कालू जी) और माता तृप्ता के घर की बैठक में तलवंडी (पंजाब का एक गाँव, जो विभाजन के बाद पाकिस्तान में है। अब इसे ननकाना साहिब के नाम से जाना जाता है) के सारे गांववासी इकट्ठा थे। उस दिन बालक नानक का यज्ञोपवीत संस्कार होना था। पण्डित आ चुके थे। बहन नानकी बालक नानक को घर के अंदर से लेकर आयी। नानक के चेहरे से अद्भुत तेज निःसृत हो रहा था। जैसे ही पण्डित जनेऊ लेकर नानक के समीप पहुँचा, उन्होंने अपने मधुर स्वर में उक्त 'बाणी' कही, जिसका अर्थ था- 'दया कपास हो, सन्तोष सूत हो, संयम गांठ हो और सत्य उस जनेऊ की पूरन हो। यही जीव के लिए आध्यात्मिक जनेऊ है। ऐ पाण्डे यदि इस प्रकार का जनेऊ तुम्हारे पास हो, तो मेरे गले में पहना दो, यह जनेऊ न तो टूटता है, न इसमें मैल लगता है, न यह जलता है और न ही यह खोता ही है।'

बालक नानक के मुख से यह बाणी सुनकर पण्डित और ग्रामवासी अवाक रह गए। उन्होंने नानक के चेहरे पर दृष्टि डाली, जो अलौकिक अंतर्ज्ञान के प्रकाश से दीप्त हो रहा था। पण्डित ने हाथ जोड़कर कालू मेहता से कहा, 'भाई कालू! यह कोई साधारण बालक नहीं है। परमात्मा का एक अंश बहन तृप्ता की कोख से जन्मा है। यह बालक अपने अंतर्ज्ञान के आलोक से मानवता को उज्ज्वल करेगा और अखिल विश्व को नयी राह दिखाएगा।' पण्डित की बात कितनी सच निकली, यह हम सभी जानते हैं।

अनेक विद्वान इतिहासकारों के अनुसार गुरू नानक का जन्म 15 अप्रेल 1469 को ग्राम तलवंडी के एक सनातन हिन्दू खत्री कारोबारी परिवार में हुआ था। पर उनकी जयंती दीपावली के बाद मनाई जाती है। नानक जैसे-जैसे बड़े हो रहे थे, उनके पिता मेहता कालू की चिंता बढ़ रही थी। पढ़ाई-लिखाई और पुश्तैनी कारोबार में नानक को कोई रूचि नहीं

थी। उन्हें साधु-संतों का सान्निध्य रूचिकर लगता था और वे अपने कुछ मित्रों के साथ सत्संग और भजन कीर्तन में मग्न रहते। यह देखकर उनके पिता ने नानक को तलवंडी गाँव के दो शिक्षकों-हरदयाल और मौलवी कुतुबुद्दीन-के पास पढ़ाई और कारोबारी ज्ञान अर्जित करने के लिए भेजा। ये शिक्षक उन्हें पारंपरिक तरीके से पढ़ाने की कोशिश करते, तो नानक उनसे आध्यात्मिक विषयों और ईश्वर के गूढ़ रहस्यों पर प्रश्न पूछने लगते। नानक का जिज्ञासु अंतर्मन इन कठिन प्रश्नों के उत्तर माँगता था, किंतु इन शिक्षकों के पास इनका कोई उत्तर नहीं था। तब नानक ही अपने अंतर्ज्ञान से उन्हें समझाने लगते।

आखिर, उन्होंने मेहता कालू से जाकर कहा कि आपका पुत्र तो जन्मजात विलक्षण प्रतिभासंपन्न है उसे पढ़ाना हमारे बस की बात नहीं है। मेहता कालू की चिंता और बढ़ने लगी। उन्हें कोई दूसरा उपाय नहीं सूझा तो उन्होंने 16 वर्ष की आयु में गुरदासपुर जिले के एक गाँव की कन्या बीबी सुलक्खणी से उनका विवाह कर दिया। गुरू नानक ने गृहस्थ जीवन को पूरे मन से अपनाया। उन्होंने अन्य कई संत-वैरागियों की तरह गृहस्थ से पलायन नहीं किया। उनके दो पुत्र-श्रीचंद और लखमीदास- हुए। किंतु गृहस्थ के साथ-साथ सत्संग और ईश्वरीय ज्ञान अर्जित करने की प्रबल आकांक्षा को भी उन्होंने कम नहीं होने दिया। आखिर, 38 वर्ष की आयु में वे अपने चार सत्संगियों- बाला, मरदाना, लहना और रामदास-के साथ भ्रमण के लिए निकल पड़े। इस भ्रमण-काल में उन्होंने भारत के कई इलाकों के साथ अफगानिस्तान, फारस और अरब का देशाटन किया। उनके जीवन के अंतिम दिन करतारपुर साहिब (फिलहाल पाकिस्तान में) में बीते। 22 सितंबर, 1539 को यह अलौकिक प्रकाशपुंज ब्रह्मज्योति में लीन हो गया। गुरू नानक देव एकेश्वरवादी ज्ञानाश्रयी शाखा के संत-कवि थे। उनकी कृति 'जपुजी साहिब' की पहली पौड़ी (पद) ही उनके विचारों को स्पष्ट कर देती है-

एक ओंकार, सतनाम,करता पुरख, निरभऊ, निरवैर, अकाल मूरत,अंजुनी, स्वेम्भ, गुरु प्रसाद

एक ओंकार -परमात्मा एक हैं।

सतनाम --परमात्मा का नाम सच्चा है। हमेशा रहने वाला है !

करता पुरख -वह सब कुछ बनाने वाला हैं।

निरभऊ - परमात्मा को किसी का डर नहीं हैं ।

निरवैर - परमात्मा को किसी से वैर (बैर) नहीं हैं ।

अकाल मूरत -परमात्मा का कोई आकार नहीं हैं।

अंजुनी -वह जुनियो (योनियों) में नहीं पड़ता। न वह पैदा होता हैं और न ही मरता है।

स्वेम्भ-- उसको किसी ने नहीं बनाया। न पैदा किया है। वह स्वयं प्रकाशित हुआ है।

गुरु प्रसाद -गुरु की कृपा से परमात्मा सबके ह्रदय में बसता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हंसो थोड़ा हंसी



हंसो थोड़ा हँसी खुशी बंदनवार सजाओ झांको शब्दों के भीतर गाओ कुछ शान्त मद्धिम प्रभु की प्रार्थना गीत सुनाओ उठो, गुनगुनाती सुबह का *उत्सव* मनाओ !! पछुआ बन लौटी पुरवाई टिहू-टिहू कर उठी टिटहरी जीवन की जलती दोपहरी दो आखर की प्रेम-कहानी पल्लव - पल्लव हरियाली फूटी उठो ,सुखद लम्हों का *उत्सव* मनाओ !!

-पुष्पा त्रिपाठी पुष्प

मुझको तुमसे हो



मुझको तुमसे होगया नेह डॉक्टर कहता है मधुमेह जब-जब मिलता हूँ तुमसे गरजे बादल बरसे मेह मन चंचल कहीं उड़ जाता है और धरी रह जाती देह नस-नस में है मीठी यादें तभी तो हो जाता संदेह प्रेम सदा ही होता मीठा बात सही ये निःसंदेह।

- जे डी कुदाल

खास पाती

धुआं ही धुआं है, वो फिज़ायें



धुआँ ही धुआँ है, वो फिज़ायें अब कहाँ हैं कहाँ गये वो मंजर, वो घटायें अब कहाँ हैं उतरने लगे हैं अब तो, हम खुद ही अपने अंदर कहाँ हैं वो समंदर ,वो हवायें अब कहाँ हैं कोई हक से बाँह थामे , और नाज़ ये उठाये हम जिसका साथ पाकर इतरायें ,अब कहाँ हैं वहशत सी हो रही है , घर जायें भी तो क्यूँ कर कहाँ हैं वो दुआयें ,वो वफायें अब कहाँ हैं यह खुद ही रूठ जाना और खुद ही मान जाना सीने से आके हमको जो लगायें ,अब कहाँ हैं कोई हमको भी तो रोके ,कोई हमको भी पुकारे वापिस हमें बुला लें ,वो सदायें अब कहाँ हैं।

- अनु मित्तल

उसने मेरी हथेलियों को चूमा



उसने मेरी हथेलियों को चूमा और मेरे मन के भाव समझ मेरे गहरे प्रेम का सम्मान किया ! उसने मेरे माथे को चूमा और अपने प्रेम का एहसास दिलाया कि वो मेरी फिक्र करता है ! जाते वक्त उसने मेरी आँखों को चूमा, ताकि जुदाई के बाद मिलने की आस बनी रहे ! उसने एहसास कराया मुझे अपने गले से लगाकर, आलिंगन एक चिकित्सा पद्धति है और चुम्बन सर्वोच्च अनुभूति।

- आकाश कुशवाहा

प्रतिनिधि रचना बोलते, पकड़े भोंपू

प्रतिनिधि रचना बोलते, पकड़े भोंपू साथ । भीड़ देख हुंकारते,जनता पकड़े माथ ।। जनता पकड़े माथ, लगे वे कसरत करने । कैसे रोकें आप, भगे सब पानी भरने ।। उनकी सुनी दहाड़,लिये थे क्यों संचित निधि । आँखे करके लाल, कहे वे हम हैं प्रतिनिधि।।

- नवीन कुमार तिवारी

लोग मगरूर हो गए या रब



लोग मगरूर हो गए या रब अपनों से दूर हो गए या रब टूटना इश्क में जरूरी था हम भी दस्तूर हो गए या रब कद्र जिनको नहीं मुहब्बत की उनसे खुद दूर हो गए या रब आइना क्यूँ हमें बनाया था टूट कर चूर हो गए या रब मन के मालिक थे इश्क से पहले उनके मजदूर हो गए या रब हर शहर में लकी के चर्चे हैं हम भी मशहूर हो गए या रब। **- लक्ष्मी माहौर**

एक वक्त के बाद चीजे महसूस

एक वक्त के बाद चीजे महसूस होना कम हो जाती है, फूलों वाला प्यार कब किताबों से लगाव में बदल जाता है पता भी नही चलता...पता चलता है तो बस एक ही बात की कितनी उम्र जी ली है हमने...या महज़ काटी है। **- वर्षा गुप्ता**

ये तो अबूझ पहेली है समंदर में



ये तो अबूझ पहेली है समंदर में अब तक कितनी लहरे गई और कितनी लहरें आई। लेकिन इतना तो गिनना चाहूंगा जब तक मैं था तट पर मेरे हिस्से में कितनी आई।

- कुलदीप वर्मा

ये अजब फ़लसफा हो गया दर्द



ये अजब फ़लसफ़ा हो गया ! दर्द ही अब दवा हो गया !! हो गए सोच कर खुश फ़हम , जैसे वो हमनवा हो गया ! ये नज़र का तेरी है असर , दिल मेरा मयकदा हो गया ! संग की इक परस्तिश में अब , दिल मेरा बुतकदा हो गया ! हम फ़ना हो गए इश्क़ में , हक़ वफ़ा का अदा हो गया !

- कविता सिंह

QUIZ TIME

1) रामायण और गीता का हल्बी व गोंड़ी भाषा में अनुवाद करने वाले प्रमुख साहित्यकार हैं? (रामेश्वर सिंह / रामसिंह ठाकुर)

2) छ.ग. उच्च न्यायालय के अतिरिक्त महाधिवक्ता किसे बनाया गया है?

3) हाल ही किसे मुख्यमंत्री का सेक्रेटरी बनाया गया है?

4) हाल ही में रोमानिया के भारतीय एंबेस्डर नियुक्त किए गए राहुल छ.ग. के कौन से जिले के हैं?

5) छ.ग. की पहली महिला गृह सचिव का नाम बताइए?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रामसिंह ठाकुर (2) सुनील ओटवानी (3) कोमल परदेशी (4) राजनांदगांव (5) नेहा चंपावत

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1640 - स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तगाल स्वतंत्र हुआ। 1885 - स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, पत्रकार एवं लेखक काका कालेलकर का जन्म। 1924 - परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक मेजर शैतान सिंह का जन्म। 1933 - कलकत्ता(कोलकाता) और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरुआत हुई। 1942 - मिज़ोरम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी का जन्म। 1954 - प्रसिद्ध समाज सेविका मेधा पाटकर का जन्म। 1954 - लोकप्रिय चरित्र अभिनेता राकेश बेदी का जन्म। 1959 - अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये। 1963 - नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना। 1974 - भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ सुचेता कृपलानी का निधन। 1976 - अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना। 1976 - बंगलादेश में जनरल जिया उर रहमान ने खुद को राष्ट्रपति घोषित किया। 1987 - अफगानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डॉक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित। 1988 - पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति गुलाम इशहाक खान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। 1988 - बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए। 1990 - देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बहन तथा स्वतंत्रता सेनानी विजयलक्ष्मी पंडित का निधन। 1991 - एड्स जागरूकता दिवस की शुरुआत हुई। 1992 - दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ्रीका में राजनयिक संबंध स्थापित।

करीना ने हिमाचल प्रदेश से शेयर की खूबसूरत तस्वीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एन्जॉय कर रही हैं। करीना इन दिनों सैफ अली खान और बेटे तैमूर अली के साथ हिमाचल प्रदेश में हैं। इस बीच करीना ने कुछ तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो देखते ही देखते वायरल हो गई हैं। करीना ने पिंक लिप्स फ्लॉन्ट करते हुए एक सेल्फी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। ब्लू टी-शर्ट में नजर आ रहीं करीना के चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ झलक रहा है। फोटो के साथ करीना ने कैप्शन लिखा- 'पिंक इन पालमपुर।' 'लाल सिंह चड्ढा' एक्ट्रेस की इस तस्वीर पर रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा समेत कई अन्य बॉलीवुड सितारों ने भी कमेंट कर उनकी तारीफ की है। रिद्धिमा ने करीना की फोटो में हर्ट इमोजी से अपना रिएक्शन दिया है। इसके अलावा करीना ने दो तस्वीरों को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। एक फोटो में उन्होंने पालमपुर, हिमाचल प्रदेश का शानदार नजारा शेयर किया है। फोटो के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा- अद्भुत भारत। वहीं दूसरी तस्वीर में करीना पति सैफ और बेटे तैमूर के साथ पोज दे रही हैं। करीना कपूर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अपकमिंग फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' है। फिल्म में करीना कपूर के साथ आमिर खान भी नजर आएंगे। यह फिल्म हॉलीवुड क्लासिक फॉरेस्ट गंप का हिंदी रीमेक है। फिलहाल, करीना इन दिनों ब्रेक पर हैं। माना जा रहा है कि वह मार्च 2021 में दूसरे बच्चे को जन्म दे सकती हैं। डिलीवरी के बाद, करीना कपूर करण जौहर की फिल्म पीरियड ड्रामा 'तख्त' में नजर आएंगी।

निक्की तंबोली ने खोला खुद से जुड़ा बड़ा राज

कहा- 19 साल की उम्र में हुई थी किडनैप

नई दिल्ली। बिग बॉस 14 में सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहने वालीं कंटेस्टेंट निक्की तंबोली ने हाल ही में अपनी लाइफ का बड़ा राज खोला है। दरअसल, हाल ही में शो के एक टास्क के दौरान सभी कंटेस्टेंट्स को अपने जिंदगी के बड़े राज बताने हैं। इस दौरान निक्की बताती हैं कि वह 19 साल की थीं तब उनका किडनैप हो गया था। बिग बॉस से जुड़ी खबरें देने वाले द खबरी ने अपने ट्विटर अकाउंट में निक्की का राज खोला है।

निक्की शो में बताती हैं कि जब वह 19 साल की थीं तब वह इंटरनेशनल मॉडलिंग असाइनमेंट के लिए गई थीं। इसी दौरान उनका किडनैप हो गया था। निक्की आगे बताती हैं कि उनके पेरेंट्स ने कहा था कि इस बात को कभी किसी को नहीं बताना। अपनी जिंदगी के इस बड़े राज को खोलने के बाद निक्की रोने लगती हैं। एजाज कहते हैं कि वह जिस राज को सभी को बताने वाले हैं उसके बारे में उनके अब्बा भी नहीं जानते। सिर्फ उनके थेरेपिस्ट जानते हैं।

'तारक मेहता...' की बबीता ने शेयर की अपनी खूबसूरत फोटो

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की बबीता जी यानी कि मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में मुनमुन ने अपनी एक खूबसूरत फोटो शेयर की है। फोटो में मुनमुन ने मरून कलर का आउटफिट पहना है जिसमें वह काफी खूबसूरत लग रही हैं। मुनमुन की इस फोटो पर फैन्स के अलावा शो में टप्पू का किरदार निभाने वाले राज अनादकट ने भी कमेंट किया है।

अय्यर का किरदार निभा रहे तनुज महाशब्दे ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मुनमुन के साथ अपनी बॉन्डिंग को लेकर बात की। तनुज ने कहा, 'हम दोनों अच्छे दोस्त हैं। फैन्स मेरी और मुनमुन जी की जोड़ी को काफी पसंद करते हैं।

लेकिन शूटिंग के खत्म होने के बाद मैं अपने रास्ते और वह अपने रास्ते जाती हैं। हम दोनों प्रोफेशनल एक्टर हैं।' कुछ समय पहले खबर आई थी कि मुनमुन दत्ता रिएलिटी शो 'बिग बॉस 14' का हिस्सा बनने वाली हैं। हालांकि, बाद में मुनमुन ने इस खबरों को खारिज करते हुए कहा था, फ़मेरे बारे में जो खबरें चल रही हैं कि मैं बिग बॉस के अपकमिंग सीजन में हिस्सा लेने वाली हूं, ये गलत हैं। दोनों ने एक पैन के ऐड में साथ काम किया था। शाहरुख खान के बारे में बात करते हुए मुनमुन कहती हैं कि शाहरुख कई फिल्मों के प्रमोशन के लिए हमारे शो में आ चुके हैं।

आदित्य नारायण ने मंगेतर श्वेता के साथ ली फोटो की शेयर

नई दिल्ली। सिंगर आदित्य नारायण 1 दिसंबर को गलफ्रेंड श्वेता अग्रवाल से शादी करने जा रहे हैं। शादी की रस्में शुरू हो चुकी हैं। अब हाल ही में आदित्य ने श्वेता के साथ अपनी फोटो शेयर की है। इस फोटो में आदित्य ने ब्लू कलर का कुर्ता पहना हुआ है और श्वेता ने येलो कलर की साड़ी पहनी हुई है। इस फोटो को शेयर करते हुए आदित्य ने लिखा, हैशटैग श्वेता की शादी। आदित्य की इस पोस्ट पर सभी सेलेब्स के साथ नेहा कक्कड़ ने भी कमेंट किया है। नेहा ने लिखा, ब्यूटीफुल। 28 नवंबर को दोनों की तिलक सेरेमनी हुई। श्वेता अग्रवाल के माता-पिता ने आदित्य का तिलक किया है। इसके बारे में आदित्य नारायण ने कहा, 'सभी पुरुषों के माथे पर तिलक लगाया जाता है, जो कि शादी की रस्में शुरू होने की अच्छी शुरुआत मानी जाती है। इस सेरेमनी में केवल घर के लोग और परिवार के खास सदस्य ही शामिल होते हैं।' बता दें कि शादी 1 दिसंबर को और रिसेप्शन 2 दिसंबर को होने वाला है। शादी में केवल 50 लोग ही शामिल होने वाले हैं। इसमें परिवार के सदस्य और करीबी रिश्तेदार, दोस्त ही मौजूद होंगे। आदित्य ने इससे पहले एक इंटरव्यू में कहा था, 'यह हमारी जिंदगी का नया चैप्टर है।

45 हजार रुपये के नीचे आ सकता है सोना

नई दिल्ली। कोरोना काल में तेजी का नया रिकॉर्ड बनाने वाले सोने की चमक अब कुछ फीकी पड़ने लगी है। सोने का अब तक सबसे उच्चतम स्तर अगस्त में 56254 रुपये रहा लेकिन सर्वोच्च शिखर से 7425 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो चुका है। बीते हफ्ते शुक्रवार को सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 48829 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं चांदी की बात करें तो इस दिन यह 76008 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी और 27 नवंबर तक आते-आते यह 60069 रुपये प्रति किलो रह गई है। इस दौरान चांदी 15939 रुपये प्रति किलो सस्ती हुई। अगर एक्सपर्ट की माने तो सोने का भाव 45000 रुपये के नीचे जा सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में तेज सुधार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से उम्मीदें और कोविड19 के टीका बनाने की दिशा में तेजी से काम होने की खबरों से सोने के दाम में लगातार गिरावट आ रही है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक तपन पटेल ने कहा, कोविड-19 के टीके के संदर्भ में उम्मीद बढ़ने और बाइडेन के अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यभार संभालने की तैयारियों के मद्देनजर सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई। इसके अलावा वैश्विक बाजार में कमजोरी के संकेतों और रुपये की विनिमय दर में सुधार का भी सोने की कीमतों पर असर पड़ा। इस बीच बिकवाली दबाव के कारण चांदी भी 1,588 रुपये की गिरावट के साथ 59,301 रुपये प्रति किलो ग्राम पर आ गई। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 60,889 रुपये प्रति किग्रा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव हानि के साथ 1,830 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी 23.42 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही। एजेंल ब्रोकिंग के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता ने कहा कि सोने 49 हजार निचला स्तर तोड़ दिया है जिसके बाद इसमें और गिरावट की आशंका बढ़ गई है।

दुनिया की कई दवा कंपनियां कोरोना का कारगर टीका बनाने के करीब पहुंच चुकी हैं। इनका दावा है कि यह 70 से 94 फीसदी तक कारगार हो सकता है। ऐसे में आने वाले समय में कोरोना का डर कम होने से सोना सुरक्षित निवेश नहीं रह जाएगा। इससे सोने में गिरावट आ रही है। अमेरिका में जो बाइडन राष्ट्रपति का चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने सत्ता संभालने की तैयारी तेज कर दी है। नरमपंथी बाइडन के सत्ता में आने से व्यापार युद्ध थमने की उम्मीद की जा रही है। इससे दुनियाभर में कारोबारी गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने का अनुमान है। आर्थिक संकट के बादल छंटने से सोने की चमक फीकी पड़ रही है।

नवंबर में चीन की विनिर्माण गतिविधियों की रफ्तार और सुधरी

नई दिल्ली। चीन की विनिर्माण गतिविधियों की रफ्तार नवंबर में और तेज हुई है। इससे पता चलता है कि चीन कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव से तेजी से उबर रहा है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका और यूरोप में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, जिससें वहां कारोबारी गतिविधियों पर नए सिरे से अंकुश लगाए जा रहे हैं।

सरकारी सांख्यिकी एजेंसी तथा एक उद्योग समूह द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन में मासिक खरीद प्रबंधक सूचकांक नवंबर में बढ़कर 52.1 पर पहुंच गया है। 50 से ऊपर का आंकड़ा गतिविधियों में विस्तार को दर्शाता है। अक्टूबर में यह सूचकांक 51.4 पर था। चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी ने मार्च में घोषणा की थी कि अब महामारी पर नियंत्रण पा लिया गया है।

डीबीएस के साथ लक्ष्मी विलास बैंक के मर्जर पर ग्राहकों को मिलेगा ब्याज

नई दिल्ली। डीबीएस बैंक इंडिया ने सोमवार को कहा कि लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) के ग्राहकों को सभी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी। संकट में फंसे लक्ष्मी विलास बैंक का डीबीएस बैंक इंडिया में विलय कर दिया गया है। हालांकि, मर्जर पर डीबीएस बैंक इंडिया ने कहा कि लक्ष्मी विलास बैंक के ग्राहकों के लिए फिलहाल बचत खाते और सावधि जमा (स्न्रष्ठ) पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। डीबीएस बैंक इंडिया ने बयान में कहा कि लक्ष्मी विलास बैंक का डीबीएस ग्रुप होल्डिंग्स लि. की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी डीबीएस बैंक इंडिया में विलय हो गया है। सरकार और रिजर्व बैंक ने बैंकिंग नियमन कानून, 1949 की धारा 45 में विशेष अधिकारों के तहत एलवीबी का डीबीएस बैंक इंडिया में विलय किया है। यह विलय 27 नवंबर से प्रभावी हुआ है।

इस विलय से लक्ष्मी विलास बैंक के जमाकर्ताओं, ग्राहकों और कर्मचारियों को अनिश्चितता के दौर के बाद राहत मिली है। लक्ष्मी विलास बैंक पर लगाई रोक भी 27 नवंबर से हट गई है।

मलान का अर्धशतक, इंग्लैंड ने जीती टी-20 सीरीज

पर्ल (वार्ता)। डेविड मलान (55) के शानदार अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि इंग्लैंड ने 19.5 ओवर में छह विकेट पर 150 रन बनाकर मैच और सीरीज अपने नाम कर ली। प्लेयर ऑफ द मैच बने मलान ने 40 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रन की शानदार पारी खेली। ओपनर जोस बटलर ने 22 और कप्तान इयोन मोर्गन ने 17 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के के सहारे नाबाद 26 रन बनाये। क्रिस जॉर्डन ने आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर विजयी चौका मारा। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से तबरेज शम्सी ने 19 रन पर तीन विकेट लिए। लुंगी एनगिदी ने दो विकेट लिए लेकिन 51 रन भी लुटाये। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की पारी में कप्तान क्विंटन डी कॉक ने 18 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 30 रन, रैसी वान डेर डुसेन ने 29 गेंदों में नाबाद 25 रन, जार्ज लिंडे ने 20 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन, तेम्बा बावुमा ने 13 रन, रीजा हेंड्रिक्स ने 16 रन और फाफ डू प्लेसिस ने 11 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए और टीम 146 रनों तक ही पहुंच सकी। इंग्लैंड की तरफ से आदिल राशिद ने 23 रन पर दो विकेट लिए।

निज स्पोर्ट्स ने जीता इवेंटस क्रिकेट का ख़िताब

नई दिल्ली (वार्ता)। उत्तराखंड के रणजी खिलाड़ी अवनीश सुधा के हरफनमौला खेल (57 रन और 2/29) और कुलदीप देवतवाल (54) के अर्धशतक की बदौलत निज स्पोर्ट्स ने शिव लाल पैकेजिंग को एकतरफा मुकाबले में 123 रनो से हराकर इवेंटस टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट का ख़िताब जीत लिया।

अवनीश सुधा को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार निज स्पोर्ट्स के डायरेक्टर संदीप भारद्वाज उर्फ़ सैंडी ने प्रदान किया। विजेता टीम को एक लाख और उपविजेता को पचास हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। पहले खेलते हुए निज स्पोर्ट्स ने 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन बनाये जबकि शिव लाल पैकेजिंग की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी।

पेटीएम मनी के जरिये आईओपी में निवेश

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी पेटीएम की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी पेटीएम मनी अब निवेशकों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गमों में निवेश करने में मदद करेगी। पेटीएम ने कहा कि इस कदम का मकसद खुदरा निवेशकों को संपत्ति के सृजन के अवसरों में मदद करना है।कंपनी ने खुदरा निवेशकों के लिए आईपीओ आवेदन की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बना दिया है। आवेदकों के अनुभव को बेहतर करने के लिए वह इसमें लगातार और खूबियां जोड़ेगी। कंपनी ने कहा कि पहले साल में उसका आईपीओ आवेदन के बाजार में 8 से 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य है। पेटीएम मनी निवेशकों को सभी नए आईपीओ के लिए उनके बैंक खातों से जुड़े यूपीआई आईडी के जरिये तत्काल आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इससे आवेदन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा सकेगा।

चोटिल वार्नर सीमित ओवर सीरीज से बाहर, डी आर्सी टीम में शामिल

कैनबरा (वार्ता)। भारत के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान चोटिल हुए ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर तीसरे वनडे मैच तथा इसके बाद होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह डी आर्सी शॉर्ट को टी-20 सीरीज के लिए टीम में जगह दी गयी है।

फॉर्म में चल रहे वार्नर को दूसरे मैच में भारत की पारी के चौथे ओवर के दौरान फील्डिंग करते वक्त कमर में चोट लग गयी थी तथा उनका स्कैन कराया गया था। लेकिन उनकी चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें तीसरे वनडे मैच और भारत के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर करना पड़ा। तेज गेंदबाज पैट कमिंस को तीसरे वनडे और टी-20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। कमिंस भारत के खिलाफ पहले वनडे में विकेट लेने में नाकाम रहे थे लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने 67 रन देकर तीन विकेट लिए थे।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लेंगर ने कहा, ÷कमिंस और वार्नर टेस्ट सीरीज के लिए हमारी रणनीति के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है।

अपनी बात : **आदर्शवादी दृष्टिकोण से इसके कई फायदे, लेकिन मैं इससे सहमत नहीं हूं- ग्रेग**

टेस्ट चैंपियनशिप से टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा नहीं मिला: बार्कले

दुबई (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनियुक्त चैयरमैन ग्रेग बार्कले का मानना है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से अब तक टेस्ट क्रिकेट को कुछ खास बढ़ावा नहीं मिला है।

बार्कले ने वर्चुअल मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से अभी इतना लाभ नहीं मिला है जितना सोचा गया था। आईसीसी चैयरमैन के इस बयान से इस चैंपियनशिप के भविष्य पर संशय पैदा हो गया है। बार्कले ने कहा कि कोरोना महामारी का असर भी इस चैंपियनशिप पर पड़ा है। उन्होंने कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से टेस्ट क्रिकेट को कुछ खास बढ़ावा मिला है। कोरोना से चैंपियनशिप की कमियां उजागर हुई है। टेस्ट चैंपियनशिप कराने का उद्देश्य टेस्ट क्रिकेट में रुचि जगाना था लेकिन कोरोना के समय में यह उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया है।÷

उन्होंने कहा, एक आर्दशवादी दृष्टिकोण से देखें तो इसके कई फायदे होंगे लेकिन मैं इससे सहमत नहीं हूं। मुझे नहीं लगता कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप ने अबतक वो हासिल किया है जिसकी उम्मीद थी।÷ गौरतलब है कि आईसीसी ने कोरोना के कारण कई सीरीज स्थगित होने के चलते हाल ही में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक आवंटन प्रणाली में बदलाव किया था और इसके लिए अंको के प्रतिशत को आधार बनाया गया था। बार्कले चाहते हैं कि फिलहाल टेस्ट चैंपियनशिप का पहला संस्करण पूरा हो जाए लेकिन उनका साथ ही कहना है कि आयोजकों टेस्ट चैंपियनशिप पर विचार करना चाहिए और चीजों को अलग नजरिये से देखना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''मेरा व्यक्तिगत मत है कि कोविड-19 में हम इसमें जो कुछ कर सकते हैं, वो हम कर रहे हैं और हमने अंकों के लिए नयी व्यवस्था की है। लेकिन एक बार ऐसा करने के बाद हमें फिर से बातचीत करनी चाहिए क्योंकि मैं निश्चित नहीं हूं कि क्या टेस्ट चैंपियनशिप वाकई अपना उद्देश्य हासिल करने में सफल रही जिसके लिये इसे चार- पांच वर्षो पहले विचार करके बनाया गया था।'' उन्होंने कहा, ''मेरे विचार से हमें कैलेंडर के हिसाब से देखना चाहिए और क्रिकेटरों को ऐसी स्थिति में नहीं डालना चाहिए जिससे चीजें और बिगड़ जाए और हम कोई लाभ नहीं उठा सकें। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2015 के निदेशक रह चुके बार्कले ने इस बात को रेखांकित किया कि कोरोना के वजह से उत्पन्न स्थिति के कारण टेस्ट चैंपियनशिप में हिस्सा ले पाना कुछ देशों के लिए संभव नहीं है। बार्कले ने कहा, ''मेरे मानना है कि ऐसे कई टेस्ट मैच खेलने वाले देश हैं जिनका इस टूर्नामेंट में भाग ले पाना काफी मुश्किल है। टेस्ट क्रिकेट की अपनी विरासत है और इसको लेकर मैं हर पहलू पर विचार कर रहा हूं। बहुत कम देश ही इस व्यवस्था को वहन करने और इसे खेलने में सक्षम हैं। वित्तीय दृष्टिकोण से सभी देशों के लिए इसमें भाग लेना मुश्किल है।÷

टीम का माहौल अभी भी सकारात्मक है: राहुल

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो वनडे मुकाबला हार सीरीज गंवाने के बावजूद भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल का कहना है कि टीम का माहौल अभी भी सकारात्मक हैं।

भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 66 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि दूसरे मैच में उसे 51 से पराजय झेलने पड़ी थी। भारत तीन मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ गया है और दोनों टीमों के बीच तीसरा मुकाबला बुधवार को कैनबरा में खेला जाएगा।

राहुल ने मैच के बाद कहा, ÷टीम का माहौल अभी भी सकारात्मक है। एक टीम के रुप में आपको कई बार यह स्वीकार करना होता है कि विपक्षी टीम ने आपसे बेहतर क्रिकेट का प्रदर्शन किया है। उनके लिए यह घरेलू वातावरण है। उन्होंने कहा, हमने लंबे समय बाद 50 ओवर क्रिकेट खेला है इसलिए लय में आने में समय लगेगा। यह दौरा अभी काफी लंबा है लेकिन हमने कई चीजें सही भी की है। हमें बस बल्लेबाजी के लिए मददगार पिच पर बेहतर गेंदबाजी कैसे करनी है उस पर ध्यान देना होगा। हमने ज्यादा कुछ गलत नहीं किया है इसलिए सिर्फ टीम को अपने कौशल के अनुसार उस पर अमल करना है तथा जल्द विकेट लेने पर ध्यान केंद्रित करना है। राहुल ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का बचाव करते हुए कहा कि टीम में सभी को उनका महत्व पता है। उल्लेखनीय है कि बुमराह ने पहले मुकाबले में 10 ओवर में 73 रन देकर एक विकेट और दूसरे मैच में 10 ओवर में 79 रन देकर एक विकेट लिया था।

राहुल ने कहा, हम सभी को पता है कि बुमराह में क्षमता है और वह मैदान में काफी प्रतिस्पर्धी हैं। उन्हें खुद से काफी उम्मीदें होती हैं। न्यूजीलैंड दौरे को काफी समय बीत चुका है और मुझे यकीन है कि उन्होंने इसके बाद काफी अच्छी तैयारी की होगी। टीम में सभी को बुमराह का महत्व मालूम है।

धुरली सरपंच की पहल पर एनएमडीसी ने सीएसआर मद से दिए फलदार पौधे, 5 अलग अलग जगह कराया बोर

बचेली (नव प्रदेश)। धुरली सरपंच सुखमती कुंजाम की पहल पर एनएमडीसी ने सीएसआर मद से फलदार वृक्ष आम,नारियल,चीकू का वितरण किया। एवं साथ ही भांसी क्षेत्रो में 5 अलग अलग जगह पीने के साफपानी हेतु बोर भी कराया गया। आपको बता दे कि एनएमडीसी सीएसआर विभाग द्वारा आस पास के ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था जो साकार होता हुआ दिखाई दे रहा हु। पर्यावरण एवं आमदनी दोनो के लिए फायदेमंद इस योजना से ग्रामीणों के चेहरों में खुशी की लहर है साथ पीने के पानी हेतु कराए गए बोर से कुछ हद तक ग्रामीणों को राहत जरूर मिलती नज़र आ रही है।

कुंए में गिरने से महिला की मौत

सूरजपुर (नव प्रदेश)। सूरजपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम अगस्तपुर निवासी 8 वर्षीय उषा पिता देवीशरण 29 नवम्बर के शाम 4 बजे कुआं में बाल्टी से पानी निकाल रही थी उसी दौरान वह कुआं में गिर गई और कुआं के पानी में डुबने से उसकी मृत्यु हो गई। रामलाल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

अत्यधिक शराब पीने से युवक की मृत्यु

सूरजपुर (नव प्रदेश)। झिलमिली थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पकनी निवासी 28 वर्षीय टुकलेश्वरी बाई पति सुरेन्द्र लाल कुशवाहा की गत् दिवस अत्यधिक शराब पीने से मृत्यु हो गई। सुरेन्द्र लाल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

रफ्तार ने ली युवक की जान

सूरजपुर (नव प्रदेश)। चैकी खड़गवां क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मांझापारा निवासी 35 वर्षीय पातर राजवाड़े पिता रामनारायण को गत् दिवस एक ट्रेलर वाहन के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे आई चोट के कारण उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरूद्ध धारा 304ए के तहत् मामला पंजीबद्ध किया है।

बलौदाबाजार में 1.65 लाख किसानों का पंजीयन

बलौदाबाजार (नव प्रदेश)। राज्य सरकार के दो महीने तक चलने वाले सबसे बडे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अभियान की शुरूआत कल 1 दिसम्बर से होगी। लगभग 1 लाख 65 हजार किसानों ने इस साल धान बेचने के लिए सहकारी समितियों में अपने 1 लाख 86 हजार हेक्टेयर धान के रकबे का पंजीयन कराया है। पहले दिन कल 1 दिसम्बर के लिए लगभग 4 हजार किसानों को टोकन वितरित किया गया है। उनसे लगभग 82 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। जिला कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर सभी धान खरीदी केन्द्रों पर तमाम प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सहकारी बैंक के नोडल अफसर और उप पंजीयक सहकारिता से ओके रिपोर्ट जिला प्रशासन को मिल गया है। इस साल जिले में 6 लाख 86 हजार मीटरिक टन धान खरीदी किये जाने का अनुमान लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी के लिए 173 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें 22 नये धान खरीदी केन्द्र भी शामिल हैं। धान खरीदी का कार्य 1 दिसम्बर 2020 से शुरू होकर 31 जनवरी 2021 तक चलेगा। नगद एवं लिंकिंग दोनो मिलाकर प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदी की जायेगी।औसत अच्छी किस्म (एफएक्यू) के कॉमन धान के लिए 1868 रूपये प्रति क्विंटल एवं ग्रेड ए धान के लिए 1888 रूपये प्रति क्विंटल खरीदी मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों को एक खरीदी सीजन के लिए अधिकतम तीन टोकन दिए जाएंगे। खरीदी कार्य के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) को उपार्जन एजेन्सी बनाया गया है। धान खरीदी की सुगम व्यवस्था के लिए प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर कम्प्यूटर-इन्टरनेट, आद्रतामापी, कांटा-बांट, बारदाने, रंग एवं सुतली, डॉटा एन्ट्री ऑपरेटर, हमाल, धान सुरक्षित रखनेके लिए चबूतरा, फड़ में भण्डारण, बफर लिमिट की मात्रा, तारपोलिन, डनेज की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार पेटी, औसत अच्छी किस्म के नमूने का प्रदर्शन एवं निगरानी समिति आदि की समुचित व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर सहित तमाम बड़े अफसरों ने आज जिले के विभिन्न खरीदी केन्द्रों का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

36 दिन के अपहृत बालक को पुलिस ने परिजनों तक पहुंचाया

जिला पुलिस की संवेदनशीलता व सूझबूझ के चलते मासूम वापस पहुंचा मां-बाप के साए में

नव प्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। जिले के संवेदनशील क्षेत्र से दुधमुहे बच्चे के अपहरण की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए थे जिससे आम जनो में भी कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे थे,वही घटना की खबर नवप्रदेश ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था,मामले पर जिला पुलिस की संवेदनशीलता व सूझबूझ के चलते अब एक मासूम वापस अपने माँ बाप के साए में वापस आ सका।

ज्ञात हो कि थाना प्रभारी उरंदाबेडा को दिनांक 18 नवम्बर को सूचना मिला थी कि ग्राम आलमेर थाना उरंदाबेडा में एक बालक को कोई उठाकर ले गया है। उक्त सूचना को थाना प्रभारी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

जिसके बाद पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव सिद्धार्थ तिवारी द्वारा सूचना के संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीओपी फरसगांव व थाना प्रभारी उरंदाबेड़ा को तत्काल ग्राम आलमेर पहुँचकर सूचना की तस्दीक कर जॉच कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। एसडीओपी फरसगांव के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम आलमेर पहुँचकर ग्रामीणों से लगातार पूछताछ कर मामले की जांच कर रही थी। घटना 18 नवम्बर के सुबह लगभग 05 से06.00 बजे के बीच की है जब पति पत्नि उठकर लिपाई-पुताई के लिए गोबर बिनने बाहर की ओर निकले थे तथा घर में उसका लड़का दक्ष जो 36 दिवस का है तथा उसकी बेटी, जो 05 वर्ष की है, घर में सोये थे। लगभग 01 घंटे बाद जब उनकी पत्नि अपने बच्चे को सेंकाई करने के लिए घर गई तो पाया कि उसका लड़का दक्ष घर में नही था, तो आसपास पूछताछ कर पता-तलाश करने पर भी नही मिलने पर । बालक को किसी अज्ञात के द्वारा घर से उठाकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना उरंदाबेड़ा में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । परिजनों, ग्रामीणों तथा चस्मदीद व्यक्तियों से पूछताछ करने पर एक अज्ञात महिला के द्वारा दक्ष को अपहृत किया जाने के तथ्य सामने आए।

धान खरीदी हेतु सभी तैयारी पूर्ण

नव प्रदेश संवाददाता

बलरामपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर 2020 से प्रारंभ होगा। इस हेतु आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिले के 37 समितियों के 39 उपार्जन केंद्रों में धान उपार्जन का कार्य किया जाएगा। जिले में धान विक्रय हेतु 32 हजार 472 कृषकों ने पंजीयन काराया। धान उपार्जन केन्द्रों के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति और निगरानी दलों का गठन किया गया है। धान के अवैध व्यापार, परिवहन एवं धान उपार्जन केन्द्रों की समुचित निगरानी, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए धान उपार्जन केन्द्रों में राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल का गठन किया गया है। धान उपार्जन केन्द्र के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर, नमी मापक यंत्र, ड्रेनेज मटेरियल तथा स्टॉफ के साथ अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध रूप से धान खपाने हेतु धान संग्रहणकर्ता, कोचियों और परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी का कार्य उपार्जन केन्द्र कपिलदेवपुर, कुसमी, कामेश्वरनगर, कोदवा, गोपालपुर, चांदो, जमड़ी, जिगड़ी, जोकापाठ (भरतपुर), डिण्डो, डीपाडीह, डोंगरो, त्रिकुण्डा, तातापानी, धंधापुर, पस्ता, बड़कागांव, बरतीकला, बरदर, बरियों, बलंगी, बलरामपुर, बसंतपुर, भुलसीकला, भंवरमाल, महाराजगंज, महावीरगंज, रघुनाथनगर, रामनगर, वाड्रफनगर, विरेन्द्रनगर, सरना, सेवारी, सामरी एवं भेण्डरी में धान खरीदी की जायेगी।

जिला खनिज न्यास परिषद् की बैठक 03 दिसम्बर को

नव प्रदेश संवाददाता

बलरामपुर। जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत जिले के विकास के लिए ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों, जिला पंचायतों, नगरीय निकाय, शासकीय विभाग एवं मण्डल तथा राज्य एवं केन्द्र सरकार के सार्वजनिक प्रक्षेत्र के उपक्रमों से प्राप्त प्रस्ताव/परियोजनाओं, वार्षिक योजना, अनुमोदित एवं परियोजनाओं का प्रबंधकारिणी समिति द्वारा प्रर्यवेक्षण कर कार्ययोजना तैयार किया गया। जिसका अनुमोदन/चर्चा के लिए शासी परिषद् की बैठक छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री एवं बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रभारी मंत्री एवं खनिज संस्थान न्यास के अध्यक्ष श्री उमेश पटेल की अध्यक्षता में 03 दिसम्बर 2020 को दोपहर 02.00 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने उक्त बैठक में शासी परिषद् के सदस्यों से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में अनुमोदन के प्रत्याशा में स्वीकृत कार्यों का अनुमोदन तथा वार्षिक प्रतिवेदन एवं ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 का अनुमोदन एवं अध्यक्ष महोदय के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा होगी।

03 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन

बलरामपुर (नवप्रदेश)। दिव्यांग व्यक्ति के सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष 03 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को 03 दिसम्बर 2020 दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने तथा इनके सम्मान में समारोह, सेमिनार एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए करने के निर्देश दिये हैं।

जिले में इस साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने 1,87,077 किसानों ने कराया पंजीयन

धान का पंजीकृत रकबा 2,17,709.927 हेक्टेयर, उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के लिए तैयारियां पूरी,

जांजगीर-चांपा, 30 नवम्बर 2020/ छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महापर्व एक दिसम्बर से शुरू होने जा रहा है। जांजगीर-चांपा जिले कलेक्टर श्री यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले में इस साल धान बेचने के लिए 1,87,077 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिनके द्वारा बोये गए धान का रकबा 2,17,709.927 हेक्टेयर से अधिक है। खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में 1,73,511 किसानों का पंजीयन हुआ था। किसान हितैषी नीतियों के चलते जांजगीर-चांपा जिले में किसानों की संख्या में 13,566 का इजाफा हुआ है। विगत वर्ष 78.66 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इस वर्ष 80.55 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। इस साल धान बेचने के लिए पंजीकृत किसानों की संख्या को देखते हुए समर्थन मूल्य पर बीते वर्ष की तुलना में ज्यादा खरीदी का अनुमान है।

कलेक्टर श्री यशवंत कुमार के मार्गनिर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए हर संभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सहुलियत को लेकर सभी व्यवस्थाएं की जा रही है। विगत दिनों कलेक्टर एवं एसपी श्रीमती पारूल माथुन ने विभिन्न उपार्जन केन्द्रों की तैयारी का जायजा लेकर तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए थे।

बचेली के शख्स ने पार कर दीं पशु क्रूरता की सारी

कार्यवाही हेतु हेल्पिंग ह्यूमन ने थाने में दिया ज्ञापन

नव प्रदेश संवाददाता

बचेली। वार्ड क्रमांक 1 होंडा बाइक शौरूम के ठीक पीछे रहने वाले उमेश डोंगरे नामक शख्श ने इन्सानित को शर्मशार कर दिया एक और इंसान के सबसे वफादार कहे जाने वाले कुत्तो द्वारा इंसानो की जान बचाने एवं दोस्ती के कई किस्से सुनने को मिल जाएंगे वही दूसरी तरफइस सख्श ने तो इंसानो और जानवरों के बीच के रिश्ते में बहुत बड़ी लकीर खींच दी है। आस पास के पड़ोसियों के मुताबिक उमेश डोंगरे एक पैर से अपाहिज है। पड़ोसियों के मुताबिक उमेश जब भी शराब का नशा करता है बदहवाश हो जाता है। कुछ दिनों पूर्व उमेश ने किसी जगह से कुत्ते के बच्चो को अपने घर यह कहकर पनाह दी कि इन्हें पालकर बड़ा करेगा। लेकिन ठीक इसके विपरीत उमेश ने इन पिल्लों के साथ जो किया वो बेहद दर्दनाक है। उमेश के द्वारा बेजुबानों को यातनाएं दी गयी किसी का पैर तोड़ दिया किसी के कान काट दिए गए किसी की पूंछ काट दी गयी,। कई को तो दीवारों में पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। इस अमानवीय व्यवहार की शोशल मीडिया में वायरल तस्वीरों ने लोगो को विचलित कर दिया।

हेल्पिंग ह्युमन के जिला संयोजक डीएम सोनी एवम स्टेट पीआरओ राहुल सेन ने उपरोक्त युवक के खिलाफ कार्यवाही हेतु पुलिस थाना बचेली में ज्ञापन दिया है जिसमे युवक के कृत्य को मानवता एवं समाज के लिए खतरा बताकर कार्यवाही की मांग की है। शोशल मीडिया में इस घटना को लेकर लोगो का गुस्सा साफ देखा जा सकता है लोगो के मुताबिक ऐसी मानसिकता वाले लोगो का समाज मे रहना खतरे से खाली नही है।

जिले में पहले दिन 4424 क्विंटल धान की किसानों से होगी खरीदी

कोरिया (नव प्रदेश)। कलेक्टर एसएन राठौर द्वारा कोरिया जिले में धान खरीदी के लिए बनाए गए 33 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा और सुचारू रूप से धान खरीदी करने के लिए सभी उपार्जन केन्द्रों में सहायक नोडल अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर श्री राठौर द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिला स्तर पर पर्यवेक्षण हेतु अपर कलेक्टर श्री सुखनाथ अहिरवार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य शासन द्वारा निर्देशों के अनुरूप 1 दिसम्बर 2020 से आगामी 31 जनवरी 2021 कुल 2 माह की अवधि में धान की खरीदी की जाएगी। इन दो माह में जिले के सभी पंजीकृत छोटे और बड़े किसानों का धान खरीदी की जाएगी। जिले में पीडीएस एवं नवीन बारदाने सहित मिलर्स के बारदाने को मिलाकर कुल 19 लाख 72 हजार 207 नग बारदाना एकत्र किया जा चुका है। उपर्जान केन्द्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के पंजीकृत किसानों धान का टोकन जारी करने और खरीदी करने की समुचित व्यवस्थाए बनाई गई है।

वृद्धाश्रम से निकाला नहीं गया महिला को, जिद पर छोड़ने मजबूर हुआ प्रबंधन : उप संचालक

बलौदाबाजार। उप संचालक समाज कल्याण आशा शुक्ला ने कहा है कि जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में संचालित वृद्धाश्रम में निवासरत किसी भी महिला को बाहर निकाला नहीं गया है। महिला की आश्रम से बाहर जाने की तीव्र इच्छा और जिद करने पर उसकी सहमति से जाने की अनुमति दी गई है। आश्रम से बाहर निकाले जाने संबंधी खबर का उप संचालक ने पुरजोर खंडन किया है। उन्होंने आश्चर्य प्रकट किया है कि मुझसे बात किये बिना समाचार पत्र ने मेरा कथन कैसे उद्धरित किया है। श्रीमती आशा शुक्ला ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर जिला मुख्यालय में दो साल पूर्व वृद्धाश्रम खोला गया है। आश्रम में किसी भी वृद्धजन को बलात रखने का कोई नियम नहीं है। रहने के इच्छुक असहाय बुजुर्गों की इच्छा और सहमति पर ही उन्हें रखा जाता है। और घर जैसे देखभाल और सेवा-सुश्रुषा की जाती है। फिलहाल 12 वृद्धजन आश्रम में अंतःवासी के रूप में निवास कर रहे हैं। उनकी सम्पूर्ण देखभाल की जा रही है। उनके रहने- खाने की आश्रम में निःशुल्क व्यवस्था है। कोरोना के कठिन काल मे भी उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मास्क और सेनेटाइजर प्रदान किया गया है।आश्रम परिसर को कई बार सेनेटाइज भी करवाया गया है।कलेक्टर महोदय स्वयं कई दफा वृद्धाश्रम का दौरा कर चुके हैं और वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाने हैं।

जिस महिला को कथित तौर पर बाहर निकाले जाने की खबर प्रकाशित की गई है, उनके असामान्य मांग और व्यवहार से आश्रम के अन्य बुजुर्ग अंतःवासी भी परेशान हैं।

महिला विगत आठ माह से वृद्धाआश्रम में निवासरत थी, उनके द्वारा लगातार जहाँ से लाये हो वही छोड़ दो की ज़िद की जाती थी, रात- रात भर जागकर मुझे जाने दो कहकर आग्रह करती थी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आस्था की डुबकी...

निर्देश जारी किए जाएं ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

किसानों को धान...

सहूलियत का पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में इस माह की 28 तारीख को आयोजित केबिनेट की बैठक में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 दिसम्बर से 31 जनवरी 2021 तक और मक्का की खरीदी 01 दिसम्बर से 31 मई 2021 तक करने के निर्देश दिए गए हैं। 1 दिसम्बर से प्रदेश में 2 हजार 305 धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की जाएगी। इस वर्ष 257 नए धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं।

पिछले साल की तुलना में 2.49 लाख ज्यादा किसान बेचेंगे उपज

राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों से खेती-किसानी छोड़ चुके 2 लाख से अधिक किसान खेतों की ओर लौटे हैं, जिससे खेती के रकबे में वृद्धि हुई है। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में पिछले वर्ष की तुलना में 2 लाख 49 हजार ज्यादा किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इन्हें मिलाकर इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए कुल 21 लाख 29 हजार 764 किसानों ने पंजीयन कराया है। इन किसानों द्वारा बोये गए धान का रकबा 27 लाख 59 हजार 385 हेक्टेयर से अधिक है।

समर्थन मूल्य में खरीदी के आकड़े में भी इजाफा :

पिछले दो वर्षों में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2017-18 में छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर 56.85 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। दो सालों के दौरान धान खरीदी का यह आंकड़ा 83.94 लाख मीट्रिक टन पहुंच गया। इस साल धान बेचने के लिए पंजीकृत किसानों की संख्या और धान की रकबे को देखते हुए समर्थन मूल्य पर बीते वर्ष की तुलना में ज्यादा खरीदी का अनुमान है। इसको लेकर राज्य शासन द्वारा हर संभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। धान उपार्जन के लिए बारदाने की कमी के बावजूद भी सरकार इसके प्रबंध में जुटी है।

अब 90 फीसदी से ज्यादा किसान बेच रहे एमएसपी पर धान :

छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2018-19 में 15.71 लाख किसानों से 80.38 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। वर्ष 2019-20 में 18.38 लाख किसानों से 83.94 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई थी। राज्य में दो सालों में पंजीकृत किसानों की तुलना में धान बेचने वाले कृषकों के प्रतिशत में भी बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2017-18 में 76.47 प्रतिशत किसानों ने धान बेचा था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश की बागडोर संभालते ही वर्ष 2018-19 में यह आंकड़ा 92.61 प्रतिशत हो गया है। बीते विपणन वर्ष 2019-20 में राज्य में 94.02 प्रतिशत किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा था।

राज्य की नौकरशाही...

सचिव, महिला एवं बाल विकास तथा सचिव, कौशल विकास विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विकास आयुक्त, महानिदेशक, ठाकुर प्यारेलाल ग्रामीण विकास संस्थान , रायपुर एवं सचिव कौशल विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

एलेक्स पॉल मेनन को बनाया गया श्रमायुक्त

एलेक्स व्हीएफ पॉल मेनन व्ही.(आईएएस), विशेष सचिव, खाद्य , नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार श्रमायुक्त, राज्य नोडल अधिकारी, श्रम विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक श्रमायुक्त के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं राज्य नोडल अधिकारी, श्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

हिमशिखर गुप्ता (आईएएस), पंजीयक, सहकारी संस्थाएं तथा अतिरिक्त प्रभार रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं, प्रबंध संचालक, छग राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए पंजीयक, सहकारी संस्थाएं व पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

तंबोली अयाज को सीईओ नवा रायपुर अटल

नगर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त जिम्मा :

तंबोली अयाज फकीर भाई आयुक्त (आईएएस), छग. गृह निर्माण मंडल तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

कुलदीप शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सरगुजा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के पद पर पदस्थ करते हुए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुलदीप शर्मा (आईआरएस) द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम 12 के तहत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित किया गया है।

विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, गरियाबंद को अस्थायी रूप से आगामी आर्दश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सरगुजा के पद पर पदस्थ किया गया है।

रायगढ़ के सहायक कलेक्टर भी बदले, वन विभाग से ली आचार्य की सेवाएं:

चंद्रकांत वर्मा, सहायक कलेक्टर, जिला रायगढ़ को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, गरियाबंद के पद पर पदस्थ किया गया है। विवेक आचार्य (आईएफएस), महाप्रबंधक, छग राज्य लघु वनोपज संघ की सेवायें वन विभाग से लेते हुए संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व के पद पर पदस्थ किया गया है। विवेक आचार्य द्वारा संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अमृत विकास तोपनो (आईएएस) महाप्रबंधक, छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, रायपुर तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व केवल संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व के प्रभार से मुक्त होंगे । शेष प्रभार यथावत रहेगा ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

कांकेर : स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़झाला! ईपीएफ एकाउंट से ज्यादातर राशि गायब

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। स्वास्थ्य विभाग जिला कांकेर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीरामनगर से जुड़ा एक मामला सामने आया है जिसके अनुसार वहाँ कार्यरत ज्यादातर कर्मचारियों के ईपीएफअकॉउट से ज्यादातर राशि गायब है , एवं संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के पास इस संबंध में कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं है। ईपीएफमें कर्मचारियों के वेतन से कुछ प्रतिशत काटकर एवं सरकार के द्वारा भी कुछ प्रतिशत उक्त अकाउंट में प्रतिमाह जमा किया जाता है, जिससे कर्मचारि अपनी भविष्य की सुरक्षा कर सकतें हैं। लेकिन सामनें आये मामलें के अनुसार कई कर्मचारियों के खातों से पैसे तो काट लिये गये हैं लेकिन वो उनके ईपीएफअकॉउंट में जमा ना होकर कहीं और चले गयें। कुछ कर्मचारियों के 36 महीनें के कार्यकाल में 14 महीनें की राशि गायब है यही हाल मसलन सभी कर्मचारियों के खातों का हैं। संबंधित कर्मचारियों ने कई बार संबंधित अधिकारयों से उक्त मामलें हेतू गुहार लगाई लेकिन कभी भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। आखिरकार थकहारकर कर्मचारियों ने जिला अकॉउंट मैनेजर को लिखित में शिकायत सौंप दी । शिकायत में कर्मचारियों का कहना हैं कि हम संविदा कर्मचारी हैं एवं बेहद उल्प वेतनमान पर अपने और अपने पूरे परिवार का भरणपोषण

> संबंधित कर्मचारियों ने कई बार संबंधित अधिकारयों से उक्त मामलें हेतू गुहार लगाई लेकिन कभी भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। आखिरकार थकहारकर कर्मचारियों ने जिला अकॉउंट मैनेजर को लिखित में शिकायत सौंप दी । शिकायत में कर्मचारियों का कहना हैं कि हम संविदा कर्मचारी हैं एवं बेहद उल्प वेतनमान पर अपने और अपने पूरे परिवार का भरणपोषण करतें हैं एवं भविष्य हेतू बचत कर पाना हमारे लिए संभव नहीं हैं।

करतें हैं एवं भविष्य हेतू बचत कर पाना हमारे लिए संभव नहीं हैं ,कुल मिलाकर ईपीएफ की जमा राशि ही हमारें भविष्य नियोजन में हमें थोड़ी बहूत सहायता करेंगी । परंतू इस तरह खातों से राशि का गायब हो जाना हम सबके लिए बेहद निराश कर देने वाला है। कर्मचारियों के द्वारा प्रत्येक संबंधित अधिकारी से सहायता मांगनें पर सभी के द्वारा नकारा जाना या गोलमोल जवाब देना प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। अगर वेतन से राशि काटी गई है तो वह कर्मचारियों के ईपीएफअकांउट में जमा क्यों नहीं हूई। अगर किसी अन्य खातों में राशि जमा की गई है तो यह प्रक्रिया कई अधिकारियों के हस्ताक्षर के बाद ही हो सकती है तो इतनें वर्षों तक इस बड़ी गड़बड़ी पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर क्यों नही पड़ी, और सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनें बार मौखिक रूप से शिकायत करनें के बाद भी किसी ने इसे सुधारनें का प्रयत्न क्यों नहीं किया । प्रथमदृष्ट्या तो यह किसी घोटालें की ओर इशारा करता है जिसकी गहन जॉच होनी आवश्यक है। एक सामान्य बैंकिग प्रकिया में भी अपने खातें में पैसें जमा करनें या आहरण करनें हेतू एक निश्चित प्रकिया का पालन करना होता है फिर यह सवाल तो पूछा ही जाना चाहिए कि कैसे कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ की राशि काटी तो गई लेकिन उनके ईपीएफ खातों में जमा नही की गई।

न्यूज गैलरी

अजगरबहार में सब स्टेशन फिर भी बिजली का रोना, हल्की हवा चलने से सप्लाई ठप

कोरबा (नव प्रदेश)। वनांचल क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था नहीं सुधर पा रही है। अजगरबहार में सब स्टेशन बनने के बाद भी हल्की हवा चलने से आपूर्ति बंद हो जाती है। बिजली चोरी रोकने लगाए गए केबल लोड बढ़ने से जल रहे हैं। इसमें भी समय रहते सुधार नहीं हो पाता। लेमरू, श्यांग क्षेत्र में भी यही हाल है। हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर से जब बिजली कर्मचारी जाते हैं, तब सुधार हो पाता है। अजगरबहार सब स्टेशन से लेमरू तक बिजली की आपूर्ति की जाती है। शुक्रवार को बारिश होने के बाद बिजली बंद हो गई, जो शनिवार दोपहर 12 बजे शुरू हो सकी। सब स्टेशन से अभी सरईसिंगार, गौरबोरा, धनगांव, पोड़ीखोहा, नेवाटिकरा, गढ़कटरा, माखुरपानी, सतरेंगा, गढ़ उपरोड़ा, बहेरा क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति की जा रही है, जहां अक्सर बिजली बंद रहती है। इसी तरह श्यांग, बरपाली, कुदमुरा, तौलीपाली क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने केबल लगाया गया है। लेकिन लोड बढ़ने पर जल जाता है। इसकी शिकायत करने के बाद भी इसे बदला नहीं जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पहले से ही निम्न क्वालिटी का केबल लगाया गया है। जिसकी वजह से बार-बार खराबी आती है। लेमरू क्षेत्र में भी बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान हैं।

2 साल से उपभोक्ताओं को नहीं मिला बिल

अजगरबहार समेत आसपास गांव के बिजली उपभोक्ताओं को दो साल से बिजली बिल नहीं मिला है। ग्रामीणों ने बताया मीटर लगने के बाद रीडिंग लेने कोई नहीं आता। एक साथ बिल आने पर समस्या बढ़ जाएगी। इस संबंध में पहले भी अधिकारियों को अवगत कराया गया था। लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

पर्यटन केंद्र सतरेंगा में सोलर से हो रहा उजाला

अजगरबहार के आगे ही सतरेंगा पर्यटन केंद्र है। यहां भी बिजली बंद होने पर सोलर लाइट से उजाला करना पड़ता है। अभी दिन में ही पर्यटक अधिक पहुंचते हैं। बिजली विभाग ने यहां विशेष रूप से ट्रांसफार्मर भी लगाया है। अधिकारियों के लगातार प्रवास के कारण पहले से व्यवस्था थोड़ी सुधरी है।

लोड़ बढ़ने के कारण केबल जलने की शिकायत

विद्युत वितरण कंपनी ग्रामीण के ईई पीके कोमजवार ने कहा लोड बढ़ने के कारण केबल जलने की समस्या आती है। ग्रामीण क्षेत्रों में काफी पहले केबल लगाया गया है। जहां भी शिकायत आ रही है, वहां सुधार किया जा रहा है।

एआरटी शुरू करने से एचआईव्ही पीड़ित दिखते हैं स्वस्थ, लक्षण धीरे-धीरे हो जाते हैं गायब

नारायणपुर (नव प्रदेश)। भारतीय समाज में एक एचआईवी पॉजिटिव मरीज की कई समस्याओं में से सबसे बड़ी समस्या है, कलंक और भेदभाव। यह कलंक और भेदभाव अपने परिवार में स्कूल में कॉलेज में ऑफिस सोसाइटी यहां तक कि मेडिकल सेटिंग में भी हो सकता है। एचआईवी पॉजिटिव पेशेंट को इसे झेलना और भी कठिन हो जाता है, जब हम उनके दोस्तों को परिवार को यह बताते हैं कि यह इंफेक्शन सिर्फ घनिष्ठ संपर्क से जैसे कि संक्रमित यौन संबंध, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित मां से होने वाले बच्चे में और संक्रमित सीरींज से फैलता है ना कि सामान्य संपर्क से जैसे कि एक ही घर में रहने से ही बर्तन में खाने से एक ही बाथरूम का उपयोग करने से नहीं फैलता, तब जाकर वह बात समझते हैं।

श्रीमती प्रीति चांडक, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, जिला अस्पताल नारायणपुर ने बताया कि पीएलएचए नेटवर्क जो कि हर राज्य हर जिला में एचआईवी पॉजिटिव लोगों को इस नेटवर्क में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि वह पहचाने कि उन जैसे और भी लोग हैं। एक और चीज है जो स्टिग्मा को कम करने में मदद करता है और वह है एंट्री रिट्रो वायरल थेरेपी की उपलब्धता। पहले लोग एड्स का इलाज ना मिलने से मर रहे थे। उनका वजन कम हो जाता था कुपोषित एवं बीमार दिखते थे लेकिन एआरटी शुरू करने के बाद वह स्वस्थ दिखते हैं। उनके लक्षण धीरे-धीरे गायब हो जाते हैं, वे काम पर भी जा सकते हैं और समाज के अविभाज्य अंग फिर से बन सकते हैं। इससे यह कलंक कम हो रहा है और लोग कह रहे हैं बीमारी इतनी बुरी नहीं है जितना हम समझते थ। लोग ठीक हो रहे हैं और समुदाय के अंग बन रहे हैं। कई बार लोग पूछते हैं कि अगर परिवार में या समुदाय में कोई एचआईवी पॉजिटिव हो गया है, तो हम उनके लिए क्या कर सकते हैं। इस संबंध में आप उनको यह खुल कर बताएं कि उनका सपोर्ट करेंगे आप उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। क्योंकि वे उदास रहेंगे साफ्ट रहेंगे, कई बार वे सुसाइडल भी हो सकते हैं। इसलिए हमेशा किसी का साथ पाना किसी का सपोर्ट मिलना उस इंसान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। डॉक्टर के पास यह जो सपोर्ट सिस्टम है जैसे काउंसलिंग नेटवर्क और ट्रीटमेंट के टाइम में भी आ सकते हैं आप समझ कर और लोगों को यह जानकारी पहुंचाने में भी मदद कर सकते हैं। व्यक्तिगत अनुभव के बारे में भी खुलकर बात कर सकते है। खास करके तब जब आप जानते हैं कि वह इंसान एचआईवी पॉजिटिव है। जैसा कि बीपी होता है शुगर होता है उनका इलाज जिंदगी भर चलता रहता है वैसे ही एड्स है तो अगर हम शुगर और बीपी को इतनी गंदी बीमारी नहीं मानते तो एड्स को क्यों इतनी गंदी नजर से देखते हैं। दोस्तों जरूरत है कुछ सावधानियों की जरूरत है कुछ सपोर्ट की ताकि एचआईवी पॉजिटिव पेशेंट भी एक सामान्य और सम्मानजनक जिंदगी जी सके।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से जिले के 22 हजार 968 हितग्राही हो रहे हैं लाभान्वित

जिले में कुपोषण मिटाने के लिए 20 हजार से अधिक मुनगा के पौधे लगाये गये

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत कांकेर जिले के सभी आठ परियोजनाओं के 451 ग्राम पंचायतों में 5 सितम्बर 2019 से 6 माह से 5 वर्ष के 14 हजार 433 गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों तथा 15 वर्ष से 49 वर्ष आयु वर्ग की 7 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाले 8 हजार 535 गंभीर एनिमिक महिलाओं को गरम पका भोजन एवं अण्डा और अंडा नहीं खाने वाले बच्चों को केला एवं मूंगफल्ली तथा गुड़ से बनी चिक्की का वितरण भी किया जा रहा है, 87 महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा नियमित रूप से प्रदाय किया जा रहा है। जिले में 03 से 05 वर्ष के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या 14 हजार 433 में से 16 माह में 05 हजार 673 बच्चे सामान्य श्रेणी में आ गये हैं। रक्त अल्पता से ग्रसित महिलाओं की सेहत में सुधार के लिए जिले में लालिमा अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत् 01 लाख 90 हजार से अधिक महिलाओं का एनीमिक परीक्षण कर ईलाज किया जा रहा है। जिसमें (15 से 49 वर्ष) की 08 हजार 149 एनीमिक महिलाओं में से 07 हजार 308 महिलाओं की हीमोग्लोबिन स्तर गंभीर एनीमिया से ऊपर आ गया है। 06 हजार 401 गर्भवती माताओं को अतिरिक्त आहार के रूप में गरम भोजन के साथ अंडा भी दिया जा रहा है, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुपोषित रहें। जिले में लगभग 20 हजार मुनगा के पौधे सभी गर्भवती एवं पोषक माताओं तथा एनीमिक महिलाओं के घरों के बाड़ी में लगवाया गया है ताकि मुनगा की भाजी एवं फल का उपयोग कर खून की कमी को दूर किया जा सके एवं पर्याप्त मात्रा में आयरन, विटामिन, प्रोटीन प्राप्त हो सके। मुनगा के पत्ती से मुनगा पाउडर तैयार कर सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में गरम भोजन के साथ सब्जी एवं दाल में मिलाकर उनकी पौष्टिकता को बढ़ाने के लिए प्रदाय किया जा रहा है।

जिले के 549 आंगनबाड़ी केन्द्रों में किचन गार्डन में पौष्टिक सब्जियां उत्पादन कर कुपोषित बच्चे, एनीमिक महिलाऐं तथा गर्भवती माताओं को गरम भोजन के साथ विभिन्न प्रकार के पौष्टिक सब्जियां एवं भाजियां नियमित रूप से खिलाया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग के माध्यम से 02 हजार 645 पोषण वाटिका विकसित कर इन हितग्राहियों को सब्जी एवं फल उपलब्ध कराया जा रहा है।

महिलाओं ने कार्तिक पूर्णिमा पर की विशेष पूजा अर्चना

नव प्रदेश संवाददाता

शक्ति। शक्ति शहर के बुधवारी बाजार स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में महिलाओं ने कार्तिक मास के अवसर पर पूरे 1 माह तक कार्तिक स्नान कर प्रतिदिन नियमित सुबह पथवारी पूजन करते हुए तारा भोजन किया, साथ ही 30 नवंबर की सुबह कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शिव मंदिर के परिसर में एकत्रित होकर पूर्णिमा का विशेष पूजन किया, इस अवसर पर शहर के विभिन्न मोहल्लों से महिलाओं ने उपस्थित होकर इस पूजन में सहभागिता की, तथा धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक मास में स्नान का विशेष महत्व होता है, तथा महिलाएं कार्तिक मास के अवसर पर सुबह 4:00 बजे उठकर स्नान करते हुए प्रतिदिन नियमित पथवारी पूजन करती हैं,एवं यथासंभव महिलाएं पूरे कार्तिक मास के अवसर पर कड़े व्रत के रूप में तारा भोजन करती हैं,तथा दिन में एक बार ही भोजन करते हुए संध्या प्रहर तारा देखकर भोजन किया जाता है, तथा इस दौरान भोजन में भी काफी बंदिशे होती है एवं महिलाएं इस कड़े व्रत को करते हुए अपने धर्म का पालन करती हैं, तथा 30 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर इस कार्तिक स्नान के कार्यक्रम को विराम दिया गया तथा 30 नवंबर को ही तारा भोजन करने वाली महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की सामग्रियां ब्राह्मणों को भी दान स्वरूप प्रदान की गई तथा ब्राह्मणों को घर में बुलाकर ससम्मान भोजन भी कराया गया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया साथ ही 30 नवंबर की सुबह महिलाओं ने शहर के महामाया मंदिर स्थित दर्री तलाब पहुंचकर कागज की नाव बनाकर उसे धार्मिक मान्यता अनुसार तालाब में विसर्जन किया।

सोशल डिस्टेंसिंग उल्लंघन पर की जा रही लगातार कार्यवाही

कोरबा (नव प्रदेश)। बिना मास्क पहने घर से बाहर निकलकर सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचने वाले तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालों पर निगम द्वारा निरंतर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज भी मास्क न लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने वालों पर निगम के विभिन्न जोनांतर्गत 11600 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा लगातार बरकरार है तथा अभी भी प्रतिदिन काफी संख्या में कोरोना पाजिटिव मरीज मिल रहे हैं। जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए लगातार जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं किन्तु लोगों द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने हेतु कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, वे बिना मास्क पहने घरों से बाहर निकलकर सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच रहे हैं तथा कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन न करने से संक्रमण का और अधिक प्रसार होने की संभावना बढ़ रही है।

विद्युत कर्मचारी की पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु मामले में पुलिस कर्मियों के छूटे पसीने

कांकेर /सूरजपुर। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई ने न्यूज़ के माध्यम से प्रसारित खबर सूरजपुर के कथित पुलिस अभिरक्षा में विद्युत कनिष्ठ अभियंता की मौत मामले पर की गई औचक जांच से सरगुजा पुलिस विभाग में खलबली मच गई है। पिछले दिनों न्यूज़ पत्रों के माध्यम से आदिवासी युवक की पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु की खबर छापी गई थी जिसे आयोग ने संज्ञान में लिया है। इस मामले में पोटाई द्वारा शुक्रवार को अचानक सूरजपुर पहुंच कर प्रारंभिक जांच की गई। सूरजपुर जिले के पुलिस

अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने पोटाई जी को मामले की विस्तृत जानकारी दी गई। मामले की जांच करते हुए आयोग की जांच टीम द्वारा पोटाई जी के नेतृत्व में ने 11 पुलिसकर्मियों के बयान लिए इसके पश्चात उन्होंने विद्युत सब स्टेशन कारवां पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया इसके पश्चात उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटौरी और पुलिस चौकी लटौरी में भी जाकर जांच की गई। इस मामले में पोटाई जी ने बताया कि अभी मामले की प्रारंभिक जांच की जा रही है एवं जांच उपरांत ही मामले की तह तक जाया जा सकता है। उनके अनुसार निश्चय ही छत्तीसगढ़ में आदिवासी विद्युत कर्मचारी की मौत कथित पुलिस अभिरक्षा में होना गंभीर विषय है अतः इसकी विस्तृत जांच आयोग द्वारा की जाएगी और इस मामले में दोषी पक्ष को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

कांकेर में 125 खरीदी केंद्र

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 01 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जायेगी, जिसके लिए 125 धान खरीदी केन्द्र बनाये गये है, जिसमें 12 नवीन धान खरीदी केन्द्र भी शामिल है। धान खरीदी के लिए सभी केन्द्रां में बारदाना, डनेज, कम्प्यूटर, प्रिंटर और नमी मापक यंत्र इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है, इसके अलावा खरीदी केन्द्रो में पेयजल व अस्थाई शौचालय की भी व्यवस्था किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए इस वर्ष 80 हजार 719 किसानों के द्वारा समितियों में अपना पंजीयन कराया गया है, गत वर्ष 74 हजार 277 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 6 हजार 442 अधिक किसानों के द्वारा धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया गया है। जिले के 125 धान उपार्जन केन्द्रों में 10 लाख 95 हजार 533 नग बारदानो की आपूर्ति की गई है, जिसमें पीडीएस के माध्यम से 4 लाख 57 हजार 896 बारदाने एवं 3 लाख 50 हजार 500 नग नया बारदाने और मिलर से प्राप्त 2 लाख 87 हजार 137 नग पुराना बारदाना को धान खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध में ली बैठक

नारायणपुर (नव प्रदेश)। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 दिसम्बर से प्रारंभ हो रही है। इस संबंध में धान खरीदी केन्द्रों पर की गयी अब तक की संपूर्ण व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज यहां कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में राजस्व, खाद्य, जिला विपणन अधिकारी, कृषि और मंडी के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए गठित सभी टीमें अपनी जिम्मेदारियों का भलीभांति निर्वहन सुनिश्चित करें। उनकी अनुज्ञा की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी हालत में अनुज्ञा के बिना धान का परिवहन नहीं होने पाये। उन्होंने कहा कि धान का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर ने किया विभिन्न कार्यस्थलों का निरीक्षण

सूरजपुर (नव प्रदेश)। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज नगर के बहुप्रतीक्षित निर्माणधीन नवीन बस स्टैण्ड, गढ़कलेवा, कृषि विभाग द्वारा स्थापीत किये जा रहे शीड बैंक का निरीक्षण किया। नगर में बन रहे नवीन बस स्टैण्ड, गढ़कलेवा, शीड बैंक जो पूर्ण होने पर है कलेक्टर ने वहॉ पहुंचकर शेष बचे कार्यों की जानकारी ली तथा भवन को सुदंरता पर ध्यान देने, रंग-रोगन करने, लाईट लगाने, बोर्ड लगाने व वॉल राईटिंग करने कहा। कलेक्टर ने नवीन बस स्टैण्ड परिसर के नालियों में लगे चेंबर का भी अवलोकन किया तथा परिसर में पड़े कचरा एवं मलबे को साफ-सफाई करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ने छटघाट स्थित गढ़कलेवा परिसर एवं भवन का निरीक्षण किया तथा परिसर को समतलीकरण करने, पेंटिंग व वॉल राईटिंग, परिसर में पौधा रोपण करने एवं परिसर के मलबे को साफकरने कहा तथा शेष बचे कार्य को समय में पूर्ण करने के निर्देष दिये है।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने नगर में कृषि विभाग द्वारा बनाये जा रहे शीड बैंक का भी निरीक्षण किया तथा बीज के व्यवस्थित रख-रखाव के संबंध में अवगत हुए। ज्ञात हो कि शीड बैंक में राइस के विभिन्न प्रजातियों सहित अन्य फसलों के बीज रखे जायेंगे।

दो टूक — अंबिकापुर में हुआ किसान कल्याण संघ का दीपावली मिलन समारोह, छ : जिलों के किसान हुए शामिल

धान खरीदी में असुविधा हुई तो किसान कल्याण संघ करेगा आंदोलन : पप्पू यादव

नव प्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। किसान कल्याण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष पप्पू घनश्याम यादव के नेतृत्व में रविवार को अंबिकापुर में संभाग स्तरीय प्रथम दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती जमुना देवी सिरमौर, राष्ट्रीय सचिव रघुवीर यादव, प्रदेश संरक्षक राजेश यादव और महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रीति आदित्य व प्रदेश उपाध्यक्ष सुमिरन यादव ने शिरकत की।

दीपावली मिलन समारोह के इस अवसर पर किसान कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू घनश्याम यादव ने संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश भर में किसानों की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। जो किसान इस देश की रीड की हड्डी है उन्हें ही समस्याओं से जूझना पड़ रहा है लेकिन इस पर किसी भी राजनीतिक या किसान संगठन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसीलिए किसान कल्याण संघ का उदय हुआ है और हम किसानों के हित में सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लडेंगे।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी किसानों के साथ छल प्रपंच होते हैं। इस बार भी धान खरीदी में प्रशासन की तैयारी व्यवस्थित नहीं दिख रही है। यदि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा हुई तो किसान कल्याण संघ के कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। साथ ही उन्होंने किसान कल्याण संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से किसानों का हर संभव सहयोग व मदद करने की अपील की है।

प्रथम अंबिकापुर आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय सचिव रघुवीर यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जमुना देवी सिरमौर, छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष पप्पू घनश्याम यादव और महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रीति आदित्य का अंबिकापुर संभाग के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही इस दौरान कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में किसान कल्याण संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों को को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जमुना देवी सिरमौर, राष्ट्रीय सचिव रघुवीर यादव व प्रदेश अध्यक्ष पप्पू घनश्याम यादव तथा संरक्षक राजेश यादव के कर कमलों से नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती जमुना देवी सिरमौर, प्रदेश संगठन मंत्री सतीश कुमार जयसवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी अखिलेश कुमार जयसवाल, संभाग मीडिया प्रभारी राकेश जयसवाल, सूरजपुर जिला मीडिया प्रभारी अनूप कुमार जयसवाल, बलरामपुर जिला अध्यक्ष सौरभ कुमार जयसवाल, सूरजपुर जिला अध्यक्ष नेत लाल यादव, कोरिया जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव, सरगुजा जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष नेपाल प्रसाद यादव, जिला संगठन मंत्री भरत लाल गुप्ता, सरगुजा जिला महिला प्रकोष्ठ सरस्वती इसी प्रकार आज किसान कल्याण संघ में उदयपुर ब्लॉक से संयुक्त बारी समाज के प्रमुख सचिव को प्रदेश सचिव अशोक कुमार बारी नियुक्त किया।

निर्माण के नाम पर वर्क ऑर्डर बिना ही मौखिक निर्देश पर शुरू हो गया काम!

तकनीकी इंजीनियर द्वारा बिना स्वीकृति अपने चहेतों से सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की चर्चा, जिला खनिज न्यास व मनरेगा राशि मे हेरफेर की आशंका

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। राज्य शासन द्वारा जिला खनिज न्यास योजना की राशि के सही उपयोग के लिए कड़े नियम कानून बनाये किंतु अधिकारी शासन के निर्देश को अनदेखा कर बिना स्वीकृति ही दबंग इंजीनियर के देखरेख में कार्य को ठेकेदार को सौप कर कार्य को पूर्ण करने के जुगाड़ में लगे हुए हैं जब कि कार्य का जिम्मा ग्राम पंचायत को दिया जाना है। क्यो की उक्त कार्य मे मनरेगा से मजदूरी भुगतान की बात कही जा रही हैं। वही कार्य होने के पश्चात कार्य की स्वीकृति भविष्य में होने से मजदूरी भुगतान में भी हेरफेर की संभावना व्यक्त किया जा रहा। क्योंकि खबर है कि उक्त कार्य संबंधित इंजीनियर ने अपने करीबी ठेकेदार को सौप दिया हैं जिससे कहि न कही किसी भी कार्य को होने के पश्चात स्वीकृति देने की होड़ मची हैं ताकि अधिकारी अपने चहेतों से कार्य करा कर अपने चहेतों का बिल लगाकर मटेरियल भुगतान के नाम पर फर्जी भुगतान निकाल कर ईमानदारी का टीका अपने माथे पर लगा सके ।

विदित हैं कि कोरिया जिले में निर्माण , मरम्मत व रख-रखाव के लिए लाखो रूपए स्वीकृति के बाद भी बिना वर्क आर्डर व स्वीकृति के काम प्रारंभ कर भुगतान निकालने की इन दिनों होड़ से मची है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में स्तिथ जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत ओड़गी में झुमका बांध के पास का है। जहा चर्चा है कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के मौखिक निर्देश पर तकनीकी इंजीनियर अशोक वैरागी ने एक ठेकेदार को कार्य की स्वीकृति से पूर्व ही झुमका जलासय तक पहुच मार्ग बनाने लगभग 14 लाख का कार्य सौप कर सुरु करा दिया। वही मुख्यालय में स्थित कार्यालय व ग्राम पंचायत को इसकी जानकारी ही नही वही संबंधित अधिकारी कार्य का बहाना बताकर अपना पल्ला झाड़ने लगे ।

विदित है कि कोरिया जिले में इन दिनों कार्य की स्वीकृति के पश्चात भी कार्य को सुरु करने के लिये ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को भटकना पड़ता है। क्यो की बिना अधिकारी व जनपद पंचायत में बैठे जनप्रतिनिधियों की अनुमति से पहले कार्य सुरु नही किया जा सकता वही अधिकारी जिसे अनुमति देंगे वही कार्य सुरु करने की अनुमति हैं वही उसमे भी मटेरियल सप्लाई भी विशेष फर्म से ही क्रय करने का मौखिक निर्देश देने की शिकायत आम है, बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा भी शिकायत को नजर अंदाज पर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर औपचारिकता निभा दी जाती है। जिले के ग्राम पंचायत में मांग पर शासन द्वारा लाखो रूपए स्वीकृत भी किया जा रहा है, मगर लाखो रूपए स्वीकृत होने के बाद भी कार्य निर्माण एजेंसी कार्य नही कर पा रहे वही ठेकेदारों के द्वारा कार्य करने से कार्य की गुडवत्ता की स्थिति भी सही नही है।

बिना वर्क आदेश व एजेंसी के कार्य शुरु

जनपद पंचायत के सीओ व आरईएस विभाग के एसडीओ द्वारा झुमका जलाशय तक पहुँच मार्ग बनाने के लिए 14 लाख रुपये का स्वीकृति नही मिलने के पश्चात भी ग्राम पंचायत के द्वारा विभागीय कराए जाने वाले कार्य को अपने चहेते इंजीनियर के देखरेख में सुरु करा दिया जब कि कार्य ग्राम पंचायत के द्वारा किया जाना था व शर्तो के अनुसार निर्माण एजेंसी बनने के पश्चात ही कार्य सुरु करने का प्रावधान है बावजूद विभाग के अधिकारियों द्वारा नियम व शर्तो को ताक में रखकर इसके विपरीत काम कराना प्रारंभ कर दिया गया है वही कार्यस्थल पर बोर्ड तक नहीं लगा है जहा वर्तमान में मशीनों के द्वारा लगभग 200 मीटर मिट्टी का कार्य भी किया जा चुका है वही मटेरियल भी गिर चुका है वही अधिकारी कार्यालय कार्य में व्यस्त होने का हवाला देकर अब कुछ भी बोलने को तैयार नहीं ।

क्या कहते हैं अधिकारी -

उक्त कार्य जनपद पंचायत के सीओ साहब के निर्देश पर सुरु किया गया है कार्य स्वीकृति का आदेश हर किसी को नही दिया जाता इस कारण ग्राम पंचायत को जानकारी नही हैं मेरे पास स्वीकृति आदेश की कॉपी हैं

- अशोक नारायण बैरागी, ,तकनीकी इंजीनियर ओड़गी ग्राम पंचायत

उक्त कार्य के स्वीकृति के संबंध में रिकार्ड देखने के पश्चात ही कुछ जानकारी देना उचित होगा इतना याद नही रहता । संबंधित इंजीनियर के द्वारा कार्य सुरु कराया गया हैं आदेश की कॉपी शायद उन्ही के पास हो

- -मनोज शाहू , ग्राम पंचायत सचिव -ओड़गी पंचायत

अभी मैं कार्य मे थोड़ा व्यस्त हु, इस संबंध में आपको मैं थोड़ी देर पश्चात ही कुछ बता पाऊंगा

-संजय राय , सीओ जनपद पंचायत बैकुंठपुर ।

फर्जी हाजिरी भर मजदूरों के खातों से निकाल ली राशि

वन परिक्षेत्र उत्तर उदंती जुंगाड़ बिट क्रमांक 03 में केंपा मद से कराए गए कार्य का मामला

- अब तक ना कोई जांच ना कोई कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के एक वनरक्षक द्वारा कैंपा मद से कराए गए कार्य में फर्जी तरीके से मजदूरों के नाम पर हाजरी चढ़ाकर उनके खातों में मजदूरी का पैसा भुगतान किया गया । फिर उन्हीं मजदूरों के पास जाकर उनके खातों से पैसे आहरण किए गए हैं । जिसका मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है ।

मिली जानकारी के अनुसार मामला गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड वनपरिक्षेत्र उत्तर उदंती जूँगाड के बिट क्रमांक 03 का है । जँहा कुमारी रिंकी जोशी जो कि बिट क्रमांक 03 पर वनरक्षक के पद पर पदस्थ है। मजदूर ग्रामीणों की शिकायत है कि वर्तमान में ही घांस प्लाट उदंती के पास वन विभाग द्वारा कार्य किया गया है । जिसमे ग्राम बरगांव (जांगडा) के ग्रामीणों द्वारा गरियाबंद मुख्यालय जाकर कलेक्टर के पास शिकायत दिनांक 18/11/2020 को की गयी है । जिसमे ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को लिखित शिकायत में कहा गया है कि वन परिक्षेत्र उत्तर उदन्ती बिट क्रमांक 03 में पदस्थ वन रक्षक कुमारी रिंकी जोशी द्वारा ग्रामीण मजदूरों के नाम पर फर्जी हाज़िरी भर कर उनके खातों से राशि आहरण किया गया है । जिससे ग्रामीण मजदूरों को आहत हुई है।

किन्तु कार्यवाही अब तक कोसों दूर.....?

मज़दूर ग्रामीणों के शिकायत के बावजूद अब तक जीला प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नही देखी गयी है,जिसके चलते इस तरह के फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के हौसले और भी बुलन्द होते नज़र आ रहे है ।

इस विषय मे सम्बंधित उदन्ती वन परिक्षेत्राधिकारी फिरोज खान से चर्चा के दौरान उनका कहना है कि अभी इसकी पूरी जानकारी तो मुझे मालूम नही है । मगर बिट क्रमांक 03 में काम तो हुआ है। और पता करके बताता हूं ।

उदंती वन परिक्षेत्राधिकारी द्वारा बताया जाने से ऐसा प्रतीत होता है कि, सारा दारोमदार व जिम्मेदारी वन रक्षक का ही बन रहा है। और इन अधिकारियों की कोई जवाबदारी नही बनती । जबकि एस.डी.ओ. व रेंजर इसके वरिष्ठ अधिकारी होते हैं ,,,बावजूद इसके रेंजर द्वारा गैर जिम्मेदाराना तरीके से जवाब देना कंही न कंही इस मामले पर सवाल खड़ा करते हैं । जिसकी शिकायत लेकर मजदूर ग्रामीण कलेक्टर के दरबार पहुंचते तो हैं, लेकिन शिकायत के बावजूद अब तक ना कोई जांच ना कोई कार्यवाही देखी गयी ।

ग्रामीण मज़दूरों द्वारा कलेक्टर से मांग की गई है कि उक्त दोषी व्यक्ति पर उचित कार्यवाही कर बिट क्रमांक 03 से हटाया जाय ।

कुटुरू थाने में पदस्थ एएसआई ने घर में फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

- जांच में जुटी पुलिस

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर - नवप्रदेश। कुटुरू थाने में पदस्थ एएसआई ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा कि कुटुरू थाने में पदस्थ एएसआई सन्नू माड़वी छुट्टी लेकर तुमला स्थित अपने घर गए हुए थे। इसी दौरान एएसआई ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसआई सन्नू माड़वी कुटुरू थाने में पदस्थ था, जो ड्यूटी के बाद थाना अंतर्गत आने वाले अपने ग्राम तुमला गया हुआ था। बताया जाता है कि सुबह तक सबकुछ ठीक था। इसी बीच परिवार के सदस्य धान कटाई के लिए निकल गए, लेकिन जब शाम को परिवार के सदस्य घर लौटे तो एएसआई सन्नू माड़वी को फांसी पर लटकते हुए देखा गया। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

84 गौठान में लगेंगे 1.59 करोड़ रुपए के मिनीमास्क लाइट

कोरबा । गौठानों में अब तक क्रेडा के सहयोग से लगने वाले सौर पैनल से जल प्रदाय ही किया जा रहा था। अब इन्हें सौर मास्क से रौशन भी किया जाएगा। इसके लिए 84गौठानो का चयन किया है। प्रत्येक गौठान में 80 लाख रूपये खर्च आएगा। जिला खनिज न्यास से 1.59 करोड़ की स्वीकृति हुई है। बिजली सुविधा होने से न केवल गौठानों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि बिजली बिल भुगतान की समस्या नहीं होगी। शाम ढलने के बाद भी लोग यहां काम कर सकेंगे। इससे गौठान से जुड़ी महिला समूहों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

गौठानों सरकारी संसाधानों की उपलब्धता बढ़ने से गांव की महिला समूह इससे जुड़ रही है। इन दिनों ज्यादातर गौठानों में खाद बनाने के काम जारी है। अब तक जिले के 130 गौठनो में सौर सुजला का पैनल लगाया जा चुका है, जिसका उद्देश्य पानी की आपूर्ति को वर्ष भर सुनिश्चित करना है। जिन गौठानों में स्वीकृति हुई है, वहां पानी की सुविधा बरकरार रखने के लिए तीन से चार एचपी के सब मर्शिबल लगाई गई है। विभागीय अधिकारी की माने तो इस वर्ष 250 गौठान और चारागाहों में सौर सुजला लगाने का लक्ष?य निर्धारित किया गया है। 22 लाख की लागत से लगने वाली इस पैनल में गौठान के महिला समूह को शासन की ओर से सब्सिडी का भी प्रावधान है। गौठान में पैनल लगाने के लिए क्रेदों में 35 हजार जमा करनी होगी। शासन की योजना के अनुसार इसमें अधिकतम 21.65 लाख के छूट मिलेगी।सुविधा को विकसित करने की दिशा में अब सौर मिनी मास्क लगाने की तैयारी चल रही है। विभागीय अधिकारी की माने तो बोर खुदवाने की जिम्मेदारी समूह की होती है। विभाग उससे जल प्रदाय की सुविधा विकसित करता है। गोठान गांव के बाहर होते हैं। इससे कई जगह वहां तक विद्युत पोल का विस्तार नहीं है, ऐसे में क्रेडा की ओर से लगाए जा रहे सौर पैनल कारगर साबित हो रहे हैं। विभागीय अधिकारी की माने तो मिनीमास्क के अलाव अलग-अगल जगहों में 20 से 40 वाट के बल्ब लगाए जाएंगे। सौरमास्क लगाने के लिए महिला समूहों को किसी भी प्रकार की शुल्क नही देनी होगी। मिनीमास्क को पांच वर्षो तक मेंटेंन करने की जिम्मेदारी भी क्रेडा की ही होगी।

विविध गतिविधियों को मिलेग बढ़ावा

गौठानों को विद्युतीकरण करने का मुख्य उद्देश्य यहां संचालित होने वाले विविध गति विधियों को बढ़ावा देना था। गौठानों में अब तक केवल खाद बनाने का ही काम होता है। यहा अब गोबर से बनने वाले अन्य उत्पाद जैसे अगरबत्ती, दीया, गमला, प्रतिमा, गृह सज्जा के समान आदि तैयार करने में प्रगति आएगी। सुविधा बढ़ने से गौठानों के प्रति महिला समूहों का लगाव भी बढ़ेगा। महिला समूहों के लिए आर्थिक विकास का मार्ग खुलेगा।

जिले के 84 गौठानों कें मिनीमास्क से रौशन किया जाएगा। जिला खनिज न्यास से राशि स्वीकृत हुई है। गौठानों को अंधेरे से मुक्ति मिलने से यहां चलने वाली विविध कार्यों में प्रगति आएगी। कार्य करने वाली महिला समूहों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

एनके राय, प्रमुख अभियंता, क्रेडा

नदी या नाला तट से लगे गोठानों को सहूलियत

नदी अथवा नालो के तट पर गोठानो में जल आपूर्ति पैनल लगाने में अधिक सहूलियत हो रही है। निकट में जल का स्त्रोत होने से महिला समूहों को बोर खुदवाने की जरूरत नहीं हो रही। सौर पैनल लगने से गोठान ही नहीं बल्कि आसपास के खेतों को भी सिंचाई सुविधा का लाभ मिल रहा है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के हसदेव नदी के तट पर बसे गांवों में के गोठानों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। इसके अलावा छोटी नदियों और नाले के किनारे बने गोठान भी लाभान्वित होंगे।

संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने किया 50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

लवन। सुश्री शकुन्तला साहू विधायक कसडोल एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ने ग्राम पंचायत मुंडा एवं कोलिहा में 50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

ग्राम पंचायत मुंडा में विभिन्न कार्यों नवीन सहकारी समिति ,गली कांक्रीटीकरण ,धान ख़रीदी चबूतरा का लोकार्पण एवं सामुदायिक भवन ,स्कूल आहाता एवं सार्वजनिक शौचालय के भूमिपूजन एवं कोलिहा में गली कांक्रीटीकरण की भूमिपूजन की गई। कार्यक्रम को संबोधित कर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव सुश्री शकुन्तला साहू ने कहां की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार किसानों की सरकार है किसानों के हित मे लगातार कार्य कर रही है ,किसानों की फसल धान को 2500 रु में खरीदी कर रही है राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों को अंतर की राशि दे रहे है ,किसान खुश हाल है ,उनकी जीवन स्तर में सुधार हुवी है ,किसान कर्ज में नही है ,इस वर्ष 21 लाख 47 किसानों की धान खरीदी की जावेगी नवीन सहकारी समिति बनने से 6 ग्रामों के मुंडा ,कोलिहा ,सर्वाडीह ,ढंनढ़नी ,खम्हारडीह चिरपोटा के किसानों को नगद ऋण खाद बीज धान खरीदी एवं धान बेचने के लिए लवन जाना नही पड़ेगा किसानों को सुविधा मिलेंगी सभी कार्य होगी किसानों को लाभ मिलेगी ,किसानों को धान ले जाने के लिये अतिरिक्त भार उठाना नही पड़ेगा।साथ ही मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिए जो कसडोल विधानसभा के अंतर्गत 19 नवीन सोसायटी के निर्माण की साथ ही 6 धान ख़रीदी केंद्र खोले है । मुख्य अतिथि ने मुंडा में सीसी रोड निर्माण के लिए पांच लाख एवं प्रभात फेरी करने वाले सदस्यों के लिए पांच हजार की सहयोग राशि देने की घोषणा की गई।